प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



पंजाब की ऐतिहासिक शिकायतें क्या आज भी बरकरार हैं? पेज- 2

बालिका से दुष्कर्म का आरोप, एसपी से गुहार पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 216 | मंगलवार 28 जुलाई, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

# मुख्यमंत्री योगी का फरियादियों को भरोसा

## -परेशान न हों, हर समस्या का होगा निष्पक्ष समाधान, अधिकारियों को कड़े निर्देश

(एजेंसी) लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों से आए प्रत्येक व्यक्ति से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यहां आए लोगों से कहा कि आप परेशान कतई न हों, सरकार हर उचित समस्या का निष्पक्ष समाधान कराएगी। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों से भी बातचीत की, उनकी पढ़ाई और रूचि के बारे में भी जाना, फिर सभी को चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं-शिकायतें सुनीं। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा



कि परेशान न हों, सबकी उचित समस्या पर प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां आईं शिकायतों का निस्तारण और समस्याओं का समाधान शीघ्रता से कराया जाए। मुख्यमंत्री 'जनता दर्शन' में आए फरियादियों के पास पहुंचे और एक-एक कर उनके प्रार्थना पत्र लेते हुए शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा-परेशान न हों, सबकी उचित समस्या पर प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने पास में खड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां आईं शिकायतों का निस्तारण और समस्याओं का समाधान शीघ्रता से कराया जाए। अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी का निस्तारण निष्पक्ष और समयबद्ध होना चाहिए। अपराध व जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही इलाज के लिए आर्थिक मदद से जुड़े प्रार्थना पत्रों पर उन्होंने अस्पतालों के एस्टिमेट की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने को कहा। सीएम ने लोगों को आश्वस्त किया कि एस्टिमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को दुलारा, उनसे पढ़ाई और रुचि के बारे में भी पूछा, फिर चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें। इसके साथ ही किसी अन्य विधा (खेल, गीत-संगीत, कला, नाट्य) आदि में भी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भीतर की कला को निखारें।

# ईरान सुप्रीमो मोजतबा ने खुलकर की हिजबुल्लाह की तारीफः कहा- इजरायल और अमेरिका के खिलाफ जिहाद जारी रखो

(एजेंसी) तेहरान। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने लेबनानी संगठन हिजबुल्लाह की खुलकर सराहना करते हुए इजरायल और अमेरिका के खिलाफ



जिहाद और प्रतिरोध जारी रखने का आह्वान किया है। यह बयान हिजबुल्लाह द्वारा ईरान के इस्लामी गणराज्य के प्रति निष्ठा जताने वाले एक पत्र के जवाब में जारी किया गया। खामेनेई के नाम से जारी बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जिहाद और प्रतिरोध के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि हिजबुल्लाह का संघर्ष दुनिया भर में उन लोगों के लिए प्रेरणा बना है जो वैश्विक वर्चस्व से मुक्ति और ईश्वरीय विजय की तलाश में हैं। मोजतबा खामेनेई ने कहा कि उनके पिता और पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की नीति के अनुरूप हिजबुल्लाह की रक्षा करना ईरान का रणनीतिक दायित्व है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि अमेरिका के साथ किसी शांति समझौते की संभावना बनती है, तो उसकी प्रमुख शर्त यह होगी कि दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल अपने सैन्य अभियान पूरी तरह बंद करे। मोजतबा खामेनेई ने 2024 में इजरायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह के पूर्व प्रमुख हसन नसरल्लाह को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें षहिजबुल्लाह के शहीदों का सरताज बताया। उन्होंने कहा कि नसरल्लाह ने हिजबुल्लाह को एक छोटे प्रतिरोध आंदोलन से मजबूत संगठन में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे बयान ऐसे समय आए हैं जब पश्चिम एशिया में पहले से ही तनाव बना हुआ है। हिजबुल्लाह के समर्थन और इजरायल के खिलाफ संघर्ष जारी रखने की अपील से क्षेत्र में कूटनीतिक और सुरक्षा चुनौतियां और बढ़ सकती हैं।

## सीबीएफसी की मंजूरी के बाद भी अटकी फिल्म, सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा महाप्रभु जगन्नाथ मामला, कल होगी अहम सुनवाई

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एनिमेटेड फिल्म महाप्रभु जगन्नाथ को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रदर्शन की अनुमति मिलने के बाद उसकी रिलीज को चुनौती देने वाली ओडिशा सरकार की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई। अदालत ने ओडिशा सरकार की उस दलील पर गौर किया जिसमें कहा गया था कि फिल्म के रिलीज होने से राज्य में कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। इससे पहले, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने भगवान जगन्नाथ यात्रा कार्यक्रमों के संपन्न होने पर 28 जुलाई या उसके बाद इस एनिमेटेड फिल्म को पूरे देश में रिलीज करने की अनुमति दे दी थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ के समक्ष सोमवार को सुनवाई के लिए याचिका सामने आने पर पीठ ने मंगलवार को इस मामले में सुनवाई करने पर सहमति जताई।

# नूंह में पेयजल संकट पर भिड़े कांग्रेस विधायक मामन खान और बीजेपी नेता नसीम अहमद, मंत्री विपुल गोयल को करना पड़ा हस्तक्षेप

(एजेंसी) नूंह। नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के रिगढ़ गांव में पेयजल संकट को लेकर आयोजित ग्रीवेंस कमेटी की बैठक उस समय गर्मा गई, जब कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर और पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता नसीम अहमद के बीच तीखी बहस हो गई। स्थिति ऐसी बनी कि माहौल शांत कराने के लिए ग्रीवेंस कमेटी के अध्यक्ष एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल तथा कांग्रेस विधायक आफताब अहमद को बीच-बचाव करना पड़ा। बैठक के दौरान रिगढ़ गांव के एक ग्रामीण ने पेयजल संकट का मुद्दा उठाया। इस पर स्थानीय विधायक मामन खान ने कहा कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग गांव में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रहा है। हालांकि विभाग के अधिकारियों ने दावा किया कि गांव में नियमित जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन मामन खान ने इस दावे का विरोध करते हुए इसे गलत बताया। इसी दौरान पूर्व विधायक और भाजपा नेता नसीम अहमद ने अधिकारियों का पक्ष लेते हुए कहा कि गांव में पानी की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने टिप्पणी की कि यदि



पानी नहीं आता, तो गांव में दूषित पानी से कैंसर फैलने जैसी शिकायतें कैसे सामने आतीं। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक तीखी बहस होती रही और बैठक कक्ष में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया। बाद में मंत्री विपुल गोयल और विधायक आफताब अहमद के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और बैठक की कार्यवाही आगे बढ़ सकी। बैठक के बाद विधायक आफताब अहमद ने कहा कि यदि कोई जनप्रतिनिधि जनता की समस्या उठा रहा है तो संबंधित विभाग के अधिकारियों को तथ्यों के साथ संतोषजनक जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग केवल रिगढ़ गांव ही नहीं, बल्कि नूंह जिले के कई गांवों में भी पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बैठकों में सही और जिम्मेदारीपूर्ण जानकारी देनी चाहिए तथा यदि गलत तथ्य रखे जाते हैं तो जनप्रतिनिधियों का उन्हें टोकना स्वाभाविक है।

# असम, बंगाल और बिहार में प्रदर्शनकारी छात्रों पर कार्रवाई बंद हो', सीजेपी का सरकार को चेतावनी

(एजेंसी) नई दिल्ली। नीट पेपर लीक विवाद के बाद हुए छात्र आंदोलन को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने एक बार फिर केंद्र सरकार से अपने वादों को निभाने की अपील की है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में दावा किया कि विभिन्न राज्यों से प्रदर्शन में शामिल छात्रों और अन्य लोगों को हिरासत में लेने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की सूचनाएं मिल रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से असम, पश्चिम बंगाल और बिहार का उल्लेख करते हुए कहा कि इन रिपोर्टों ने संगठन की चिंता बढ़ा दी है। सौरव दास ने कहा कि आंदोलन समाप्त करने का निर्णय सरकार के आश्वासन के आधार पर लिया गया था, इसलिए यदि कहीं भी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होती है तो यह भरोसे के विपरीत होगा। सीजेपी ने कहा कि देशव्यापी आंदोलन वापस लेने से पहले केंद्र सरकार ने भरोसा दिलाया था कि भाजपा या एनडीए शासित किसी भी राज्य में आंदोलन से जुड़े लोगों के खिलाफ वर्तमान या भविष्य में दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। पार्टी के अनुसार, इसी आश्वासन के आधार पर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया गया था। संगठन का कहना है कि अब यदि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की खबरें सामने आती हैं तो सरकार को तत्काल स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सौरव दास ने कहा कि संगठन की कानूनी टीम पहले दिन से ही सक्रिय है और जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है या जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है, उन्हें हरसंभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग राज्यों के अनुभवी अधिवक्ताओं के साथ समन्वय स्थापित किया गया है ताकि जरूरत पड़ने पर प्रदर्शनकारियों की रिहाई और कानूनी प्रक्रिया में उनकी सहायता सुनिश्चित की जा सके। सीजेपी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह आंदोलन समाप्त होने के समय दिए गए आश्वासनों का सम्मान करे। सौरव दास ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह से अपील करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि किसी भी प्रदर्शनकारी के खिलाफ प्रतिशोधात्मक कार्रवाई न हो। उन्होंने यह भी मांग की कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है,



उन्हें जल्द रिहा किया जाए और आंदोलन से जुड़े मामलों में दर्ज एफआईआर वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जाए। सीजेपी ने अपने बयान में कहा कि सरकार ने इस विषय पर लिखित आश्वासन देने का भी वादा किया था। संगठन ने सरकार से आग्रह किया कि वह तय समयसीमा के भीतर इस वादे को पूरा करे ताकि प्रदर्शनकारियों और छात्रों के बीच विश्वास कायम रहे। सौरव दास ने कहा कि आंदोलन समाप्त करने का फैसला सद्भावना और संवाद की भावना से लिया गया था। उनके अनुसार, यदि सरकार अपने आश्वासनों का पालन नहीं करती, तो इससे केवल संगठन ही नहीं बल्कि उन लाखों युवाओं का भी भरोसा प्रभावित होगा जिन्होंने शांतिपूर्ण संवाद को प्राथमिकता दी। सीजेपी ने अपने समर्थकों और आंदोलन में शामिल युवाओं से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील भी की। सौरव दास ने कहा कि संगठन पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर रखे हुए है और परिस्थितियों के अनुसार आगे की रणनीति तय करेगा। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया कि संगठन उनके साथ खड़ा है और किसी भी कानूनी या प्रशासनिक चुनौती का सामना करने में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

# ई20 नीति के खिलाफ आप का हल्लाबोलः अरविंद केजरीवाल ने 1 अगस्त को बुलाया राष्ट्रीय टाउनहॉल, युवाओं से जुड़ने की अपील

(एजेंसी) नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार की ई 20 नीति को लेकर एक बार फिर अपनी आवाज बुलंद की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश के युवाओं से एकजुट होकर इस मुद्दे पर अपनी राय रखने और आंदोलन का हिस्सा बनने की अपील की है। केजरीवाल ने कहा कि जिस तरह युवाओं की एकजुट आवाज के कारण केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा, उसी तरह ई 20 के मुद्दे पर भी देश के युवाओं को संगठित होकर अपनी बात मजबूती से रखनी होगी। अरविंद केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा, देश के



युवाओं ने एक होकर आवाज उठाई तो धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। ई 20 पर भी हमें एक होकर आवाज उठानी पड़ेगी। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि यह केवल किसी एक संगठन या राजनीतिक दल का विषय नहीं है, बल्कि देश के भविष्य और आम जनता से जुड़ा मुद्दा है। इसलिए अधिक से अधिक युवाओं को इस अभियान में भाग लेना चाहिए। इसी उद्देश्य से आम आदमी पार्टी की ओर से नेशनल टाउनहॉल अगेंस्ट ई 20 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 1 अगस्त 2026 (शनिवार) को सुबह 11.30 बजे कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, नयी दिल्ली में आयोजित होगा। पार्टी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देशभर से छात्र, युवा, विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक भाग ले सकते हैं। जो लोग दिल्ली नहीं पहुंच सकते, उनके लिए कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल होने की भी व्यवस्था की गई है। पार्टी का कहना है कि इस टाउनहॉल के माध्यम से ई 20 नीति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर खुलकर चर्चा होगी और लोगों की राय सुनी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को अपनी चिंताओं और सुझावों को साझा करने का मंच उपलब्ध कराना है। आम आदमी पार्टी ने देशभर के युवाओं से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए कहा है कि लोकतंत्र में जनता की आवाज सबसे महत्वपूर्ण होती है। पार्टी का दावा है कि यदि नागरिक संगठित होकर अपनी बात रखेंगे तो सरकार को भी जनता की भावनाओं और चिंताओं पर गंभीरता से विचार करना पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी पर विवादित टिप्पणी के बाद जानमोनी दास ने सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली

(एजेंसी) कोच्चि। प्रसिद्ध ट्रांसजेंडर मेकअप आर्टिस्ट और रियलिटी शो में भाग ले चुकी जानमोनी दास ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके माता-पिता को लेकर की गई अपनी हालिया आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में दास ने कहा कि यदि उनकी टिप्पणी से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगती हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ऐसा बयान देने से पहले उन्हें तथ्यों की पुष्टि कर लेनी चाहिए थी। नयी दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन पर मीडिया के एक वर्ग से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ दास की आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था, जिसके बाद उनकी तीखी आलोचना हुई। दास ने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए नए वीडियो में कहा, मेरे वीडियो को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मुझे अंदाजा नहीं था कि यह इतना बड़ा मुद्दा बन जाएगा। मैंने दिल्ली के प्रदर्शन से संबंधित एक वीडियो देखने के बाद प्रतिक्रिया दी थी और मीडिया द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब दिया था। हो सकता है कि मैं मलयालम में अपनी बात ठीक तरह से नहीं रख पाई। उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की गंभीरता का एहसास तब हुआ, जब सोमवार सुबह से उन्हें बड़ी संख्या में धमकी भरे फोन आने लगे और संदेश मिलने लगे। दास ने कहा, शुरुआत में मुझे समझ ही नहीं आया कि क्या हुआ है। बाद में मेरे कुछ दोस्तों ने फोन करके बताया कि यह बड़ा मुद्दा बन गया है। इसके तुरंत बाद मैंने मेरा वीडियो अपलोड करने वाले सभी लोगों से उसे हटाने का अनुरोध किया। उन्होंने दावा किया कि विवाद के बाद उन्हें केरल, देश के अन्य हिस्सों के अलावा सऊदी अरब और अबू धाबी से भी धमकी भरे फोन आए। दास ने स्पष्ट किया कि उनका प्रधानमंत्री की मां के बारे में कोई टिप्पणी करने का इरादा नहीं था और उनकी बात केवल उस वीडियो में दिखाई गई सामग्री से संबंधित थी, जिसे उन्होंने देखा था।

# सम्पादकीय

## क़रीब आते सऊदी अरब और संयुक्तअरब अमीरात

अभी होर्मुज में तनाव बढ़ ही रहा है, हर रोज तेल जहाजों पर मिसाइल हमले हो रहे हैं, अमेरिका और ईरान दोनों ने नाकेबंदी कर रखी है। मैं नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दुनिया फिर से तेल संकट की ओर मुंह बाए खड़ी है। ऐसे में यमन में बैठे ईरान के सहयोगी हूती ने एक ऐसा ऐलान कर दिया है कि पूरा ग्लोबल तेल मार्केट डर गया है। हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सऊद अरब के जहाजों की घेराबंदी करके युद्ध का दायरा बढ़ाने की धमकी दी। हूती के लड़ाके वही करने की धमकी दे रहे हैं जो वह पहले कर चुके हैं– वे सऊदी जहाजों को लाल सागर के दक्षिणी एंट्री प्वाइंट, बाब अल–मंदेब जलडमरूमध्य से नहीं गुजरने देंगे। हूती सऊदी की नब्ज दबाने को तैयार हैं लेकिन बड़ा झटका एशिया को लग सकता है। बहरहाल, वहीं अब बात करते हैं सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की तो गौरतलब है कि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में मनमुटाव अब कम होता दिख रहा है। रिश्तों पर जमीं बर्फ की ये परतें अब पिघलती नजर आ रही है। दोनों देशों के आला नेताओं ने इसका हिंट दे दिया है। दरअसल, सऊदी अरब के मीडिया मंत्री सलमान अल–दोसरी और संयुक्त अरब अमीरात के नेशनल मीडिया अथॉरिटी के चेयरमैन अब्दुल्ला बिन मोहम्मद अल–हामेद की ओर से लगभग एक ही वक्त पर एक ही तरह के मैसेज एक्स पर पोस्ट किए गए। दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया पर दोस्ती और एकता के बारे में पोस्ट किया है। दोनों नेताओं ने मीडिया से ये भी अपील की है कि ऐसी खबरों की कवरेज से बचें जो दोनों देशों की रिश्ते को कमजोर करते हों। इन दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने पोस्ट में दोनों देशों के बीच सदियों पुराने गहरे भाईचारे, साझा इतिहास और दोनों मुल्कों के दूरदर्शी नेतृत्व की दिल खोलकर तारीफ की। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा उस तस्वीर की हो रही है जो इन पोस्ट्स के साथ शेयर की गई। फोटो में सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन–सलमान (जो क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के छोटे भाई हैं) और संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति शेख मंसूर बिन जायद अल नाहयान एक–दूसरे के कंधे पर हाथ रखे, मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। इस एक तस्वीर ने विश्लेषकों को यह साफ संदेश दे दिया कि दोनों देशों ने अपने मतभेदों को पीछे छोड़ने की शुरुआत कर दी है। सऊदी अरब यमन में हूती विद्रोहियों से अपनी सुरक्षा को पहली प्राथमिकता मानता है। दूसरी तरफ, संयुक्त अरब अमीरातयमन के दक्षिणी क्षेत्र में सक्रिय अपने सहयोगी गुटों को समर्थन देता आया है। हितों के इस टकराव के चलते यमन में दोनों देशों के बीच सैन्य गतिरोध की स्थिति बन गई थी। तेल उत्पादन के कोटे को लेकर दोनों देशों के रुख में दरार साफ देखी गई। मिडिल ईस्ट में आर्थिक और राजनीतिक बिग ब्रदर बनने की होड़ ने भी दोनों देशों के बीच कड़वाहट बढ़ाई है। तनाव इतना बढ़ गया था कि यमन में संयुक्त अरब अमीरात समर्थित गुटों के मिलिट्री इक्विपमेंट की खेप पर सऊदी अरब की ओर से एयरस्ट्राइक तक कर दी गई थी। इसके अलावा, दोनों देशों के सोशल मीडिया समर्थकों के बीच भी खुला जुबानी जंग जारी था। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का एक साथ आना पूरे खाड़ी देश की स्थिरता के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।



नफीस जाफरी

# पंजाब की ऐतिहासिक शिकायतें क्या आज भी बरकरार हैं?



गुलफिशा खान

पंजाब में फिल्म 'सतलुज' को लेकर शुरू हुई बहस अब सिर्फ एक फिल्म तक सीमित नहीं रह गई है। इसने राज्य की राजनीति में उन मुद्दों को फिर से जीवित कर दिया है जिन पर पिछले चार दशकों से लगातार विवाद और चर्चा होती रही है। उग्रवाद, काउंटर–इंसर्जेंसी अभियान, मानवाधिकार उल्लंघन और पीड़ित परिवारों को न्याय जैसे सवाल एक बार फिर राजनीतिक केंद्र में आ गए हैं। यही वजह है कि पंजाब की लगभग सभी बड़ी राजनीतिक पार्टियां इस मुद्दे पर बेहद सावधानी से प्रतिक्रिया दे रही हैं। लंबे समय से पंजाब की मुख्यधारा की राजनीति 1980 और 1990 के दशक के कठिन दौर से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट रुख लेने से बचती रही है। विभिन्न सरकारों ने इन सवालों का स्थायी समाधान निकालने के बजाय राजनीतिक संतुलन बनाए रखने की कोशिश की. लेकिन 'सतलुज' ने उस संतुलन को चुनौती दे दी है। अब राजनीतिक दलों के हर बयान और हर चुप्पी को ध्यान से देखा जा रहा है। लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर उन घटनाओं के लिए जिम्मेदारी किसकी थी और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाए गए। वहीं दूसरी ओर अगर पंजाब से जुड़े एक सवाल की बात की जाए कि पंजाब से अलगाववाद का खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ये इस बात से साफ है कि उग्रवाद के 30 साल तक शांत रहने के बावजूद, पंजाब के लोगों ने दो खालिस्तानी अलगाववादियों, जेल में बंद अमृतपाल सिंह और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे के बेटे सरबजीत सिंह खालसा को खादूर साहिब और फरीदकोट लोकसभा सीटों से चुना। साथ ही बागी अकाली दल विधायक मनप्रीत अयाली भी हाल ही में उनके साथ जुड़ गए। पंजाब को लेकर कहा जाता है कि ऐतिहासिक शिकायतें, सामाजिक–आर्थिक परेशानी, कर्ज का जाल, भू–राजनीतिक हालात और सरकारी सेवाओं की कमी जैसे पांच कारणों ने अलगाववाद के खतरे को जिंदा रखा है। पंजाब ने 1984 से 1995 के बीच चरम पर रहे उग्रवाद से नए सबक सीखे हैं। राज्य और वहां के लोगों ने वापसी की और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। हमने पंजाबियों को विदेश जाते देखा है, और कुछ मशहूर नाम जो उग्रवाद के खत्म होने या शांत होने के दौरान पैदा हुए, उनमें सिद्धू मूसेवाला, सिमरनजीत कौर, शुभमन गिल और हरमनप्रीत कौर शामिल हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो, जहां मुख्यधारा का पंजाब रोजमर्रा की आर्थिक जरूरतों, पलायन और विकास पर ध्यान केंद्रित किए हुए है, वहीं ऐतिहासिक शिकायतें अलगाववाद को हवा देती रहती हैं। निराशा होने पर ऐतिहासिक कमजोरियां उभर आती हैं। कुछ लोगों का कहना है कि पंजाब एक ऐसे ज्वालामुखी पर बैठा है जो कभी भी फट सकता है। इसे किसान आंदोलन, जेल की सजा पूरी कर चुके उग्रवादियों की रिहाई, गैर–न्यायिक हत्याएं, सरकारी सख्ती या मानवाधिकारों का उल्लंघन, धार्मिक अपमान या कर्ज के जाल जैसे मुद्दों से हवा मिलती है। कानून–व्यवस्था और मानवाधिकारों के उल्लंघन की बात तो छोड़िए, पंजाब के गैंगस्टर और यहां तक कि गुरिंदरजीत सिंह नागरा जैसे पुलिस अधिकारी (जो पहले स्टेशन हाउस ऑफिसर यानी एसएचओ थे) भी एफबीआई की वॉन्टेड लिस्ट में शामिल हैं। पंजाब की ऐतिहासिक शिकायतों की जड़ें 1966 में मिलती हैं, जब पंजाब पुनर्गठन अधिनियम के तहत हरियाणा और हिमाचल के इलाकों को अलग कर दिया गया था। राजनेताओं ने चंडीगढ़ और नदी के पानी पर पंजाब के दावों को जिंदा रखा है। हालांकि, 1984 के सिख–विरोधी दंगों के अलावा, धार्मिक अन्याय और पहचान की रक्षा की भावना को भड़काने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार का भी बार–बार जिक्र किया जाता है। कट्टरपंथी अक्सर लोगों के इस आक्रोश का फ़ायदा उठाकर शासन–व्यवस्था पर सवाल उठाते हैं और अलगाववाद को समाधान के तौर पर पेश करते है। न्याय न मिलने की भावना ने भी इस नाराजगी को बनाए रखा है। हालांकि कुछ हाई–प्रोफाइल आरोपियों को सज़ा हुई है, लेकिन इसमें दशकों लग गए, जिससे सिस्टम की अनदेखी की भावना घर कर गई। तीन दशक बाद भी उस दौर की कहानी का असर बना हुआ है। सिख संगठन उग्रवाद और उससे निपटने की कार्रवाई के दशकों को सिर्फ़ इतिहास नहीं मानते, बल्कि घल्लूघारा (नरसंहार), क्षेत्रीय संगीत, सोशल मीडिया, फ़िल्मों और साहित्य जैसी चीज़ों के ज़रिए इसे ज़िंदा रखे हुए हैं। सतलुज, पंजाब 1984, हवाएं, 47 टू 84, जोगी, धर्म युद्ध मोर्चा जैसी फ़िल्मों ने पंजाबियों के बीच एक भावनात्मक जुड़ाव या सहानुभूति पैदा की है। पंजाब का सामाजिक–आर्थिक संकट उसकी ऐतिहासिक रूप से समृद्ध .षि अर्थव्यवस्था के ठप पड़ने से पैदा हुआ है। भूजल के स्तर में गिरावट और मिट्टी की सेहत बिगड़ने के कारण गेहूं–धान की एक ही तरह की खेती (मोनोकल्चर) अब टिकाऊ नहीं रही है। वित्त वर्ष 2025–26 में .षि क्षेत्र में –2.5: की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई, जो पारंपरिक फसल चक्रों पर अस्थिर निर्भरता को दर्शाता है। मुत बिजली सब्सिडी के कारण ट्यूबवेल सिंचाई पर बहुत ज्यादा निर्भरता ने राज्य के जल स्तर को खतरनाक हद तक नीचे गिरा दिया है, जिससे भविष्य में रेगिस्तान बनने का खतरा पैदा हो गया है। इसका भारी बोझ राज्य के खजाने पर भी पड़ा है, जो बिजली सब्सिडी पर ₹15,550 करोड़ खर्च करता है। यह पंजाब के कुल बजट का लगभग 5.97 प्रतिशत है। इस संकट ने न केवल वित्तीय संकट को बढ़ाया है, बल्कि सामाजिक चुनौतियां भी खड़ी की हैं। खेती की लागत बढ़ने और पैदावार में कोई बढ़ोतरी न होने के कारण छोटे और सीमांत किसान संस्थागत और अनौपचारिक कर्ज के जाल में फंस गए हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों में लगातार संकट बना हुआ है। पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी और पंजाबी यूनिवर्सिटी समेत तीन प्रमुख सरकारी यूनिवर्सिटीज़ की एक अहम स्टडी में 2000 से 2015 के बीच 16,606 किसानों और खेत मज़दूरों की मौत दर्ज की गई। पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की ओर से संगरूर, बठिंडा और मानसा समेत छह ज़िलों में की गई एक फ़ॉलो–अप स्टडी में 2000 से 2018 के बीच 9,291 मौतें दर्ज की गईं। खेती–बाड़ी के संकट के कई दशकों का नतीजा मोनोकल्चर (एक ही तरह की फ़सल उगाना) के रूप में सामने आया, जिससे बेरोज़गारी बढ़ी और यह अक्सर निराशा, आत्म–सम्मान में कमी, तनाव और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ते जोखिम से जुड़ी होती है। पंजाब में ड्रग्स की समस्या भी बेरोज़गारी से जुड़ी है, जिससे लोगों में नाराज़गी और बेचैनी पैदा होती है। आर्थिक पैमानों पर पंजाब अपने पड़ोसी राज्यों हरियाणा और हिमाचल से पीछे है। पंजाब की प्रति व्यक्ति आय लगभग ₹1.95 लाख से ₹2.27 लाख है, जबकि हरियाणा में यह ₹3.25 लाख से ₹4.04 लाख और हिमाचल में ₹2.83 लाख है। चंडीगढ़ की पीयू के इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन के डायरेक्टर डॉ.



वरिंदर शर्मा ने कहा, पंजाब में बेरोजगारी दर 5.3 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत 3.1 प्रतिशत से ज़्यादा है। शहरी इलाकों में बेरोजगारी दर 14.8 प्रतिशत है, जबकि ग्रामीण इलाकों में यह 22.5 प्रतिशत है। पंजाब के कम पढ़े–लिखे युवाओं के लिए रोजगार के मौके नहीं हैं। औद्योगीकरण सिर्फ़ शहरी इलाकों तक ही सीमित रहा और ग्रामीण इलाकों में ऐसा कोई निवेश नहीं आया, जिससे बेरोजगारी बढ़ी। पर्याप्त सुविधाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर न बना पाना सीधे तौर पर राज्य के कर्ज से जुड़ा है। पंजाब अपनी कमाई का 25 प्रतिशत तक हिस्सा कर्ज और ब्याज चुकाने में खर्च करता है, जो चिंता की बात है। राज्य पर बकाया कर्ज ₹4.17 लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है और 2027 तक यह ₹4.48 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। पुरानी .षि–आधारित अर्थव्यवस्था से मैन्युफैक्चरिंग या सर्विस–आधारित उद्योग की ओर बढ़ने का लंबे समय से इंतज़ार किया जा रहा था, लेकिन यह बदलाव नहीं हो पाया। जीएसडीपी राज्यों हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को मिलने वाले टैक्स इंसेंटिव की वजह से कई इंडस्ट्रियल सेक्टर में ठहराव आ गया है। पंजाब में बढ़ती बेरोजगारी का एक और बुरा असर ब्रेन ड्रेन (प्रतिभाओं का पलायन) है। पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की एक स्टडी में पाया गया कि 2016 के बाद पंजाब छोड़ने वाले 73 प्रतिशत से ज्यादा युवा ग्रामीण इलाकों से थे। दुनिया भर में पंजाबी मूल के लोगों की संख्या 1.5 करोड़ (15 मिलियन) होने का अनुमान है। बड़ी संख्या में बेरोजगार युवाओं को अपनी ज़मीन बेचकर विदेश जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। कट्टरपंथी अप्रवासियों (खालिस्तानियों) ने भारतीय सरकार को दमनकारी और अल्पसंख्यकों के खिलाफ काम करने वाली सरकार बताकर भारत–विरोधी नैरेटिव बनाने की कोशिश की है। ऐतिहासिक शिकायतों को हवा देकर और भारत में अपनी जान को खतरा होने जैसे झूठे आधारों पर शरण मांगकर, वे सिख समुदाय के लोगों को एकजुट करते रहते हैं। सिख्स फॉर जस्टिस जैसे घोषित आतंकी संगठनों ने जनमत संग्रह (रेफरेंडम) की नाकाम कोशिशें भी की हैं। जब भी कोई भारतीय अधिकारी किसी विदेशी देश का दौरा करता है, तो सार्वजनिक प्रदर्शन आम बात है। गैर–सिख मंदिरों की बेअदबी और सिख पूजा स्थलों पर नियंत्रण की घटनाएं भी आम हैं। अलगाववादी गुट, झूठे मानवाधिकार अभियानों और कानूनी वकालत के ज़रिए भारत के खिलाफ गलत नैरेटिव बनाने की कोशिश करते हैं। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में, कनाडा सरकार और खालिस्तानी गुटों ने भारत पर अलगाववादी की हत्या का आरोप लगाते हुए सफलतापूर्वक अपना नैरेटिव बनाया। तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर मामले में भारत सरकार को जोड़ने वाले ठोस आरोप लगाकर एक गंभीर राजनयिक संकट खड़ा कर दिया था। कनाडा सरकार ने हाल ही में कहा कि निज्जर की हत्या में भारत सरकार को जोड़ने वाला कोई सबूत नहीं था। असल में, इस हत्या की साजिश गैंगस्टरों ने रची थी। कई दशकों तक, कनाडा सरकार यह मानने को तैयार नहीं थी कि 23 जून 1985 को हुए कनिष्क बम विस्फोट मामले में खालिस्तानी शामिल थे, जिसमें 329 निर्दोष लोग मारे गए थे। जिन आतंकवादियों ने विमान में बम रखा था, उन्हें कनाडा में मौजूद आतंकवादी समूह हीरो मानते हैं। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब के कई बेरोजगार युवाओं को विदेश में नौकरी का लालच देकर कट्टरपंथी प्रवासी नेटवर्क में शामिल कर लिया जाता है। कट्टरपंथी तत्व पश्चिमी देशों की उदार कानूनी प्रणालियों का फायदा उठाते हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क के लिए सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है और उग्रवाद को राजनीतिक असहमति का रूप देते हैं। विदेशों में भारतीय मिशनों के खिलाफ सोशल मीडिया अभियान और विरोध–प्रदर्शन या भारतीय दूतावासों में घुसपैठ, कट्टरपंथी समूहों द्वारा शुरू किए गए भारत–विरोधी प्रचार का हिस्सा हैं। पंजाब में गहराता राजनीतिक असंतोष अनसुलझे धार्मिक, .षि और आर्थिक मुद्दों से उपजा है। राजनीतिक गठबंधनों में बार–बार बदलाव और भ्रष्टाचार के आपसी आरोपों के कारण मतदाताओं को लगता है कि राजनेता केवल अपना स्वार्थ देखते हैं और जन–कल्याण से दूर हैं, जिससे नागरिकों का भरोसा और सम्मान बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जब कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल जैसी मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियां उम्मीदों पर खरी नहीं उतरतीं, तो पंजाब के मतदाता निराश हो जाते हैं। मुत सुविधाओं की राजनीति, .षि संकट और बढ़ती बेरोजगारी के कारण न केवल ग्रामीण स्थानीय निकायों के चुनावों में मतदान प्रतिशत में भारी गिरावट आई, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों में निर्दलीय और कट्टरपंथी उम्मीदवारों की जीत को भी बढ़ावा मिला। राजनेताओं का रुझान बुनियादी संरचनात्मक मुद्दों को हल करने के बजाय अल्पकालिक लाभ पाने की ओर रहा है, साथ ही सार्वजनिक सेवा वितरण, समय पर न्याय और पुलिस सुधारों में भी अक्षमता देखी गई है। दिलचस्प बात यह है कि जहां शिरोमणि अकाली दल जसवंत सिंह खालरा की ज़िंदगी पर बनी और बैन की गई फ़िल्म सतलुज की स्क्रीनिंग का इंतज़ाम कर रहा था, वहीं उनकी पत्नी परमजीत कौर खालरा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि जब पार्टी सत्ता में थी, तो उसने परिवार को न्याय दिलाने में कोई मदद नहीं की थी। इसी तरह, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने भाजपा में शामिल होने के बाद ही उग्रवाद के दौरान हिंदुओं की टारगेटेड हत्याओं का मुद्दा उठाया। जब वे कांग्रेस में थे, तब यह मुद्दा कभी नहीं उठाया गया था।

# अमेरिका -सऊदी के बीच परमाणु समझौता, टाईमिंग पर उठे सवाल



फरीद वारसी

ईरान युद्ध भले ही अब तक समाप्त नहीं हुआ और इसका दायरा बढ़ता जा रहा है, मगर पाकिस्तान अपनी मध्यस्थता की कीमत वसूल करने लगा है। पाकिस्तान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने अच्छे राजनयिक संबंधों को आर्थिक मदद में बदलने की कोशिश कर रहा है। मगर अर्थशास्त्रियों का कहना है कि नई फंडिंग से भी पाकिस्तान को वो सुधार करने ही पड़ेंगे, जिन्हें करने से इस्लामाबाद लंबे समय से बचता रहा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस हते वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब की वॉशिंगटन यात्रा के दौरान पाकिस्तान ने 10 अरब डॉलर के अमेरिकी एक्सचेंज स्टेबलाइजेशन फंड की मांग की है। यह जानकारी मामले की जानकारी रखने वाले उन सूत्रों से मिली है, जिन्हें इस बारे में सार्वजनिक रूप से बात करने की इजाजत नहीं थी। एक ऐसी बात जो पहले सामने नहीं आई थी, उसके मुताबिक पाकिस्तान ने बाद में अमेरिकी बैंक के साथ एक अलग ट्रेड–फाइनेंस सुविधा का प्रस्ताव भी रखा। यह जानकारी भी एक ऐसे सूत्र से मिली जिसे इस मामले पर सार्वजनिक रूप से चर्चा करने की इजाजत नहीं थी। दोनों प्रस्तावों से पाकिस्तानी रुपये को मजबूती मिलेगी और फंडिंग के लिए सिर्फ इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड, चीन और सऊदी अरब पर निर्भर रहने के बजाय अन्य विकल्प भी मिलेंगे। इस साल पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर (युद्धविराम) कराने में मदद की, लेकिन युद्ध शुरू होने से पहले की तुलना में उसकी आर्थिक स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है। वहीं अब बात अमेरिका और सऊदी अरब के बीच हुए परमाणु समझौते की तो मालूम हो कि जंग के बीच अमेरिका और सऊदी अरब के बीच एक ऐसा बड़ा समझौता हुआ है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया है। यह न्यूक्लियर डील है, जिसके तहत सऊदी अरब में परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम शुरू होगा। सऊदी अब नागरिक इस्तेमाल के लिए यूरेनियम



का संवर्धन (एनरिचमेंच) कर सकता है यानी उसे शुद्ध कर सकता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इससे भविष्य में परमाणु हथियार बनाने का रास्ता खुल सकता है? इसी वजह से इस समझौते पर बहस शुरू हो गई है। गौरतलब है कि बीते बुधवार को अमेरिका ने सऊदी अरब के साथ शांतिपूर्ण परमाणु सहयोग समझौते का ऐलान किया। अमेरिका का कहना है कि इस समझौते में ऐसे सुरक्षा नियम रखे गए हैं, जिससे परमाणु हथियारों का फैलाव न हो। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान ने दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं. पहला समझौता शांतिपूर्ण परमाणु सहयोग पर है और दूसरा दोनों देशों के बीच सुरक्षा नियमों पर है। इसकी जानकारी अमेरिकी ऊर्जा विभाग ने दी है. इन दोनों समझौतों का पूरा डॉक्यूमेंट अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। अब इस समझौते को समीक्षा के लिए अमेरिका की संसद के पास भेजा जाएगा। दोनों पार्टियों के कुछ सांसदों के इस समझौते का विरोध करने की उम्मीद है। हालांकि अभी ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का ऊपरी और निचले, दोनों सदनों पर कंट्रोल है। तो इस समझौते का पास होना लगभग तय है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका, ईरान के साथ युद्ध लड़ रहा है। इस युद्ध की एक बड़ी वजह ईरान का परमाणु कार्यक्रम रहा है। यही मुद्दा दोनों देशों के बीच रुकी हुई शांति वार्ता में भी सबसे बड़ा विवाद बना हुआ है। ईरान कहता रहा है कि वह परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। उसका परमाणु कार्यक्रम नागरिक उद्देश्यों के लिए है। लेकिन अमेरिका उसपर परमाणु बम बनाने के लिए यूरेनियम को अत्यधिक शुद्ध करने का आरोप लगाता रहा है। पिछले साल उसके तीन न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले किए थे। इस बार भी ट्रंप ऐसी ही धमकी दे रहे हैं। ऐसे में अमेरिका ने सऊदी के साथ नागरिक परमाणु समझौता किया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, इस डील के तहत अमेरिकी कंपनियां सऊदी अरब में यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) का प्लांट बना सकती हैं। अमेरिका की दोनों प्रमुख पार्टियों के कई सांसद और इजरायल के अधिकारी पहले भी इस तरह की योजना का विरोध कर चुके हैं। उन्हें डर है कि भविष्य में सऊदी अरब इस तकनीक का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने के लिए कर सकता है। अमेरिका ने 2009 में सऊदी अरब के पड़ोसी संयुक्त अरब अमीरात के साथ भी परमाणु समझौता किया था। लेकिन अरब अमीरात खुद यूरेनियम को समृद्ध (एनरिच) नहीं करता। विशेषज्ञों का कहना है कि इस समझौते पर काफी समय से काम चल रहा था। लेकिन कुछ लोगों ने चिंता जताई कि अगर सऊदी अरब की जमीन पर यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) की अनुमति दी गई, तो यह जोखिम बढ़ा सकता है। अटलांटिक काउंसिल के मैथ्यू क्रोनिग ने समझौते की आधिकारिक घोषणा से पहले कहा था कि सऊदी अरब को यूरेनियम संवर्धन की क्षमता देना एक गलती होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका का सऊदी के साथ अपने रिश्ते मजबूत करना सही है, लेकिन ऐसा परमाणु हथियारों के फैलाव को रोकने वाले अपने मजबूत नियमों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। अमेरिका स्थित डिफेंस प्रायोरिटीज थिंक टैंक में मिडिल ईस्ट प्रोग्राम की डायरेक्टर रोजमेरी केलानिक का कहना है कि अमेरिका ने ऐसा पहले कभी नहीं किया है। उन्होंने कहा, ष्हमने कभी किसी दूसरे देश की जमीन पर यूरेनियम को एनरिच करने में मदद नहीं की है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अगर आप अपना न्यूक्लियर यूल खुद बना सकते हैं, तो न्यूक्लियर हथियार बनाने के लिहाज से आप कहीं ज्यादा बड़ा खतरा बन जाते हैं। वहीं अटलांटिक काउंसिल की न्यूक्लियर एनर्जी पॉलिसी इनिशिएटिव की डॉयरेक्टर जेनिफर टी. गॉर्डन ने इस समझौते की तारीफ करते हुए इसे अमेरिका की रूस और चीन के ऊपर बड़ी जीत बताया। उन्होंने कहा, सऊदी अरब पहले ही साफ कर चुका था कि वह परमाणु ऊर्जा तकनीक खरीदेगा और अपना नागरिक परमाणु कार्यक्रम शुरू करेगा। असली सवाल सिर्फ यह था कि वह अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के साथ काम करेगा या फिर रूस और चीन का रुख करेगा। अब अमेरिका ने डील करके उसे अपने पाले में कर लिया है।

# पाकिस्तान सेना में बड़ा बदलाव- आखिर कौन हैं सैयद आमिर रज़ा?



शबाब हुसैन

पाकिस्तान एक बार फिर खेल कर गया। रिपोर्ट है कि पाकिस्तान ने ईरान के बिना सरकारी रिकॉर्ड वाले तेल एक्सपोर्ट में मदद करने के बदले रियाद और तेहरान के बीच एक गुप्त सीजफायर डील करवाकर सऊदी अरब को ईरानी हमलों से बचाने में मदद की है। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की मध्यस्थता में यह समझौता मार्च के आखिर में हुआ था, जब ईरान के खिलाफ अमेरिका–इजरायल युद्ध अपने शुरुआती हतों में ही था। मामले की जानकारी रखने वाले तीन अधिकारियों ने इजरायली अखबार को बताया कि मुनीर ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रमुख अहमद वाहिदी के साथ मिलकर सऊदी–ईरान डील में मध्यस्थता की। इस डील में एक जॉइंट ऑयल ट्रांसपोर्ट वेंचर को चालू रखने का लालच दिया गया, जो पिछले साल के आखिर से ही चुपचाप ईरान से पाकिस्तान तक तेल पहुंचा रहा है। खबरों के मुताबिक, यह कंपनी दोनों मिलिट्री जनरलों से जुड़ी है और इसने उन दोनों के लिए भारी कमाई की है, खासकर तब जब ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिका की नाकेबंदी चल रही थी। बहरहाल अब चर्चा करते हैं पाकिस्तान सेना की तो मालूम हो कि पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने जनरल आमेर रजा को चार सितारा जनरल बनाने का ऐलान किया है। वह नेशनल स्ट्रेटेजिक कमांड के




कमांडर होंगे। इस पद पर पहुंचने वाले वो पहले पाकिस्तानी व्यक्ति हैं। आमेर रजा अब असीम मुनीर के बाद सबसे पावरफुल जनरल होंगे। जनरल रजा को पहले हिलाल–ए–इम्तियाज (सैन्य) और सितारा–ए–बसालात (वीरता का सितारा) से सम्मानित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की है कि पाकिस्तान सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ, लेटिनेंट जनरल आमेर रजा को प्रमोट करके फोर–स्टार जनरल का रैंक दिया गया है और उन्हें पहला कमांडर नेशनल स्ट्रैटेजिक कमांड नियुक्त किया गया है। जहां तक सैयद आमिर रजा का सवाल है तो मालूम हो कि सैयद आमिर रजा अभी नेशनल कमांड अथॉरिटी में नेशनल स्ट्रैटेजिक कमांड के कमांडर के तौर पर काम कर रहे हैं। इससे पहले, रजा 41वें चीफ ऑफ जनरल स्टाफ, कमांडर प्ट कोर और हैवी इंडस्ट्रीज टैक्सिला के चेयरमैन रह चुके हैं। रजा 1988 में 6जी लांसर्स में कमीशन हुए थे। रजा ने कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, क्वेटा और नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी, इस्लामाबाद से पढ़ाई की है। उनके पास यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम से इंटरनेशनल रिलेशंस में डिग्री है, और नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी से ही आर्ट्स एंड साइंस ऑफ वॉरफेयर और डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज में डैब की डिग्री भी है। उन्होंने नवंबर 2007 से सितंबर 2009 तक 6जी स्ंदबमते की कमान संभाली है। उन्होंने एक आर्मर्ड ब्रिगेड, दक्षिण वजीरिस्तान में एक इन्फैंट्री ब्रिगेड और एक इन्फैंट्री डिवीजन की कमान भी संभाली है। उन्होंने प्प कोर में चीफ ऑफ स्टाफ और हथियार और उपकरण निदेशालय के महानिदेशक के तौर पर भी काम किया है। संवैधानिक संशोधनों के बाद चेयरमैन ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी का पद समाप्त कर यह नया पद सृजित किया गया है। यह कमांड नेशनल कमांड अथॉरिटी के अधीन रहकर सेना की रणनीतिक संपत्तियों और परमाणु हथियारों के जखीरे के प्रबंधन का काम संभालती है। पाकिस्तान की मुख्य परमाणु और रणनीतिक निर्णय लेने वाली संस्था – राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण की स्थापना 2 फरवरी 2000 को हुई थी। वहीं, इसके तहत आने वाले नए नेशनल स्ट्रेटेजिक कमांड पद का गठन हाल ही में वर्ष 2025–2026 में सैन्य सुधारों और नए संशोधनों के बाद किया गया है।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से अनाथ बच्चों को मिल रहा संबल, प्रतापगढ़ में 2,907 बच्चे लाभान्वित

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) अनाथ, निराश्रित और आर्थिक संकट से जूझ रहे बच्चों के लिए सहारा बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित इस योजना के तहत ऐसे बच्चों को आर्थिक सहायता, शिक्षा, पोषण और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि आर्थिक अभाव के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो और उनका भविष्य सुरक्षित रह सके।योजना के अंतर्गत मार्च 2020 के बाद माता, पिता अथवा दोनों अभिभावकों को खो चुके पात्र बच्चों को प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता डीबीटी के माध्यम से उनके अथवा उनके वैध अभिभावक के बैंक खाते में भेजी जाती है। यह सहायता बच्चों के 23 वर्ष की आयु अथवा शिक्षा पूरी होने तक उपलब्ध कराई जाती है।सरकार ने योजना के तहत उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क टैबलेट या स्मार्टफोन उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की है। इसके अलावा निराश्रित बालिकाओं के विवाह योग्य होने पर आर्थिक सहायता तथा बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श की सुविधा भी दी जा रही है।प्रदेश सरकार के निर्देश पर सभी जिलों में योजना का पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है। आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे पात्र परिवारों को बिना किसी कठिनाई के योजना का लाभ मिल सके।प्रतापगढ़ जिले में योजना का प्रभावी संचालन देखने को मिल रहा है। वित्तीय वर्ष 2026–27 के जून माह तक जिले में 471 नए बच्चों को योजना से जोड़ा गया है। वर्तमान में जिले के 2,907 बच्चे इस योजना के माध्यम से प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्राप्त कर अपनी शिक्षा और भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं।योजना की सफलता का उदाहरण प्रतापगढ़ के टक्करगंज निवासी कक्षा आठ की छात्रा दर्पिता सिंह हैं। पिता के असामयिक निधन के बाद परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था और उनकी पढ़ाई रुकने की आशंका थी। जिला प्रशासन और महिला कल्याण विभाग के प्रयास से उन्हें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ मिला। अब प्रतिमाह मिलने वाली सहायता से उनकी स्कूल फीस, पुस्तकें, यूनिफॉर्म, स्टेशनरी और अन्य आवश्यक खर्च पूरे हो रहे हैं। दर्पिता का सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी बनकर देश और समाज की सेवा करना है।राज्य सरकार का कहना है कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनाथ और निराश्रित बच्चों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। सरकार प्रत्येक पात्र बच्चे तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# रेमेडी कैंसर केयर ने 2000 से अधिक मरीजों का किया उपचार, सरकार हर जनहितकारी प्रयास के साथ ए.के. शर्मा

संवाददाता लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित कर रही है कि आर्थिक तंगी किसी भी जरूरतमंद मरीज के इलाज में बाधा न बने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री सहायता कोष के माध्यम से लाखों परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। रविवार को विजय खंड स्थित रेमेडी कैंसर केयर द्वारा



आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंत्री ए.के. शर्मा ने संस्थान के चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों और पूरे स्टाफ को समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने युवा डॉक्टरों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किसी मरीज का जीवन बचाना सबसे बड़ा मानवीय और पुण्य का कार्य है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री सहायता कोष के माध्यम से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को समय पर आर्थिक सहायता देकर उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है।मंत्री ने रेमेडी कैंसर केयर की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री सहायता कोष के अंतर्गत 2000 से अधिक मरीजों का सफल उपचार कर समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे चिकित्सा संस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।ए.के. शर्मा ने चिकित्सकों से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का समय पर पता चलने और शीघ्र उपचार से अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनहित के ऐसे प्रयासों में राज्य सरकार हर संभव सहयोग उपलब्ध कराएगी।अपने संबोधन में मंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशामुक्त जीवनशैली आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।कार्यक्रम में रेमेडी कैंसर केयर के निदेशक डॉ. साहब अली उस्मानी, डॉ. अर्चित कपूर, डॉ. अभिजीत कपूर, डॉ. आशुतोष पांडे सहित अन्य चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी, मरीज और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मन की बात में स्थानीय उत्पादों को अपनाने का दिया सन्देश

## - विचारों, प्रेरणा दायक प्रयासों व राष्ट्र निर्माण के संकल्पों को जोड़ने का सशक्त माध्यम है मन की बात

न्यूज वाणी ब्यूरो
बाँदा। भारत के प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 136 वें संस्करण को आज जनपद के सभी बूथों में जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुना व देखा गया। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने इंदिरा नगर स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों के साथ मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम को सुना जिसमें प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन जन का अभियान बनाने का आह्वाहन करते हुए लोकल फॉर वोकल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों बाँस आदि का इस्तेमाल करने तथा खादी को अपनाने का सन्देश दिया। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण करने तथा जल संरक्षण को जन भागीदारी से जोड़ने तथा पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की प्रेरणा दी। निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मण्डल के बूथ संख्या 191 में मोदी के मन की बात के प्रसारण को सुना। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री चतुर सिंह, कोषाध्यक्ष शिवा सिंह, लकी सिंह, प्रभाँशु मिश्रा, रज्जू कुशवाहा, हरवंश गुप्ता आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार बाँदा दक्षिणी मण्डल के बूथ संख्या 74 में मन की बात सुनी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना, जिला मंत्री दुर्गा चौरसिया, मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, सेक्टर संयोजक अजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## - प्राचार्या प्रो. रेनू वर्मा ने कैडेट्स को दिया राष्ट्रसेवा और अनुशासन का संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद। राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी के तत्वावधान में जनपद के प्रतिष्ठित दाऊ दयाल




महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर एक भव्य देशभक्ति एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीदों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इस दौरान संपूर्ण प्रांगण भारत माता की जय और जय हिंद के गगनभेदी उद्घोषों से गुंजायमान हो गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेनू वर्मा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक तारीख नहीं बल्कि भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम और बलिदान का प्रतीक है। यह दिन हमें देश की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के प्रति .तज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। साथ ही उन्होंने एनसीसी कैडेट्स का आह्वान करते हुए कहा किए वे जीवन में राष्ट्रसेवा, अनुशासन, एकता और नैतिक जिम्मेदारी की भावना को सर्वोपरि रखें। एनसीसी कैडेट्स ने ओजस्वी भाषणों और देशभक्ति से परिपूर्ण पोस्टरों के माध्यम से कारगिल युद्ध के वीर नायकों की गाथाओं को जीवंत करते हुए कहा कि देश की बर्फीली चोटियों और सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिक हर भारतीय के दिल में अमर रहेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। इस गौरवास्पद अवसर पर एनसीसी प्रतिनिधि साक्षी मिश्रा, महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षक–शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# दो युवा प्रतिभागियों प्रखर चौहान व रितिका सेंगर का प्रदर्शन

## - प्रखर चौहान व रितिका सेंगर ने निभाई जनप्रतिनिधियों की भूमिका, प्रभावशाली वक्तृत्व से बटोरी सराहना

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। प्रखर चौहान एवं रितिका सेंगर ने निभाई जनप्रतिनिधियों की भूमिका राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली





स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में 19 एवं 20 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय दिल्ली छात्र संसद में उत्तर प्रदेश के इटावा के दो युवा प्रतिभागियों प्रखर चौहान एवं रितिका सेंगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। दोनों ने संसदीय बहस में प्रभावशाली भागीदारी निभाते हुए अपनी तार्किक सोच, ओजस्वी वक्तृत्व शैली और विषय की गहरी समझ से उपस्थित जनप्रतिनिधियों, निर्णायकों एवं प्रतिभागियों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रखर चौहान ने नोएडा के सांसद डॉ. महेश शर्मा तथा रितिका सेंगर ने केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल का प्रतिनिधित्व करते हुए संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप विभिन्न विषयों पर तथ्यपूर्ण एवं प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। इस वर्ष दिल्ली छात्र संसद का मुख्य विषय वर्ष 2014 के बाद का संक्रमण और परिवर्तन रहा। इस विषय पर दोनों प्रतिभागियों ने वर्ष 2014 के बाद भारत में हुए व्यापक बदलाव, सुशासन, डिजिटल भारत, आधारभूत संरचना का विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार, आत्मनिर्भर भारत, वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा तथा विकसित भारत के संकल्प जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। देश के विभिन्न राज्यों से चयनित युवा प्रतिनिधियों ने संसदीय बहस, प्रश्नकाल, नीति निर्माण तथा समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रखर चौहान एवं रितिका सेंगर की प्रभावशाली प्रस्तुति, तार्किक विश्लेषण और विषय की गहन समझ की उपस्थित सांसदों, केंद्रीय मंत्रियों, निर्णायकों एवं प्रतिभागियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। दिल्ली छात्र संसद का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नेतृत्व क्षमता, विचार शक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। दोनों युवाओं की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से जनपद में हर्ष का वातावरण है। उनकी सफलता ने यह सिद्ध किया है कि जनपद की युवा प्रतिभाएं राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी योग्यता और नेतृत्व क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

## – भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 11 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। देश के 11 वें राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं भारत रत्न से सम्मानित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 11वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने अपने ज्ञान, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रसेवा से भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि देश के राष्ट्रपति पद को सुशोभित करने वाले डॉ. कलाम का नाम भारत के रक्षा एवं वैज्ञानिक इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. कलाम ने भारत को पृथ्वी और अग्नि जैसी अत्याधुनिक मिसाइलें देकर देश की रक्षा क्षमता को नई मजबूती प्रदान की। उन्होंने कहा कि एक साधारण परिवार से निकलकर अखबार बेचने वाला बालक अपने परिश्रम, प्रतिभा और संकल्प के बल पर देश का महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति बना। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रहित और संविधान की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहना चाहिए। कार्यक्रम में संजय दोहरे, अरुण यादव, शोजब रिजवी, सुरेंद्र सिंह चौहान, सरवर अली, अंसार अहमद, इंतिखाब आलम, नसीम मुल्लाजी, आजाद अहमद, इमरान अंसारी, मोहम्मद आदिल, सोहेल वारसी, सरताज अहमद, फैसल अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवाबगंज ब्लॉक में मनरेगा बना कथित भ्रष्टाचार का अड्डा

## – बिना कार्य कराए फर्जी हाजिरी लगाने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो
नवाबगंज, बहराइच। नवाबगंज विकास खंड की कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना कार्य कराए ही मजदूरों की उपस्थिति (हाजिरी) दर्ज की जा रही है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार नवागांव




ग्राम पंचायत में खेल मैदान के नाम पर तथा सुजौली ग्राम पंचायत में तेतुवा के खेत के पास स्थित तालाब पर बिना कार्य हुए भी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी दर्ज की जा रही है। आरोप है कि नवागांव में 55 तथा सुजौली में 49 मजदूरों की उपस्थिति फर्जी तरीके से दर्ज की गई है। ग्रामीणों में सुंदर लाल, खालिक, मोहैयुद्दिन, मदन, सताई, राम अचल, मनोज का आरोप है कि नवाबगंज ब्लॉक की लगभग दो दर्जन ग्राम पंचायतों में इसी प्रकार का खेल लंबे समय से चल रहा है। उनका कहना है कि यदि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ वास्तविक मजदूरों तक पहुंच सके। इस संबंध में जब पंचायत सचिव से बात की गई तो उन्होंने बताया की मैंने दोनों जगहों का निरीक्षण किया मौके एक भी लेबर कार्य करते नहीं पाए गए हैं इन कार्यों को जीरो करवाया जाएगा जेई से बात हो गई है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रामलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्मे बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलील अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# सघन वाहन चेकिंग अभियान चला, 80 वाहनों के चालान

## – यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की सख्ती,– 3.41 लाख का शमन शुल्क अधिरोपित





न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुचारु एवं अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन यातायात उप निरीक्षक सूबेदार सिंह ने किया। वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, काली फिल्म, नंबर प्लेट में अनियमितता तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। यातायात उप निरीक्षक सूबेदार सिंह ने बताया कि 27 जुलाई को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 80 वाहनों के चालान किए गए तथा 341000 का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग अभियान के दौरान यातायात उप निरीक्षक सूबेदार सिंह के साथ होमगार्ड आरक्षी आक्रोश कुमार भी मौके पर मौजूद रहे और अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने पत्रकार हितों को लेकर उठाई आवाज

## - पीएम के नाम जिलाधिकारी को सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पत्रकारों के हितों की रक्षा, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को और अधिक सशक्त बनाने की मांग को लेकर नेशनल मीडिया प्रेस क्लब की ओर से प्रधानमंत्री के नाम संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। संगठन ने पत्रकारों की लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार से शीघ्र प्रभावी कदम उठाने की मांग की। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष गिरजा शंकर अवस्थी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने जिलाधिकारी बांदा को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज और शासन के बीच एक




महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। पत्रकार जनहित से जुड़े मुद्दों को शासन–प्रशासन तक पहुंचाने के साथ–साथ सरकार की योजनाओं और नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद देशभर में पत्रकारों को सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक संरक्षण जैसी अनेक मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि कई बार पत्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में समाचार संकलन के दौरान उन पर हमले, धमकियां, फर्जी मुकदमे और उत्पीड़न जैसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। ऐसी परिस्थितियों में पत्रकारों को कानूनी एवं सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है।संगठन द्वारा सौंपे गए 7 सूत्रीय मांगपत्र में प्रमुख रूप से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, सभी मान्यता प्राप्त एवं कार्यरत पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य बीमा एवं विशेष स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने, वरिष्ठ पत्रकारों के लिए सम्मानजनक पेंशन योजना लागू करने, ड्यूटी के दौरान मृत्यु अथवा दुर्घटना की स्थिति में जीवन बीमा एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने, पत्रकारों पर फर्जी मुकदमों और उत्पीड़न पर प्रभावी रोक लगाने, राष्ट्रीय मीडिया आयोग का गठन करने तथा छोटे एवं मझोले मीडिया संस्थानों को सरकारी विज्ञापनों का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने की मांग शामिल है।ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि पत्रकारों से जुड़े इन महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए। संगठन का कहना है कि यदि पत्रकारों को सुरक्षित, सम्मानजनक और निष्पक्ष कार्य वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा तो वे और अधिक प्रभावी ढंग से लोकतंत्र तथा समाज की सेवा कर सकेंगे।नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करेगी और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएगी। संगठन ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान केवल मीडिया जगत का ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती का भी महत्वपूर्ण प्रश्न है।

# टैम्पो चालकों की रोजी-रोटी खतरे में, सीएम से गुहार

### – बस संचालकों पर अवैध कब्जे का आरोप, 300 परिवार भुखमरी की कगार पर

न्यूज वाणी ब्यूरो

हापुड़। स्थानीय टेम्पो चालकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत की है कि ग्रामीण बसों के संचालन और बस संचालकों की दबंगई से उनके परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वर्ष 2022 में



शासन–प्रशासन के आदेश से हापुड़ में कुल 10 टेम्पो–टैक्सी–बस स्टैंड आवंटित किए गए थे। इनमें यशोदा अस्पताल स्थित टेम्पो स्टैंड भी शामिल है, जो आधिकारिक रूप से टेम्पो चालकों को दिया गया था लेकिन ग्रामीण बस संचालक अब इस स्टैंड पर अवैध कब्जा कर अपनी बसें खड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं। वे टेम्पो को अवैध बताकर चालकों को हटाने पर अड़े हैं। टेम्पो चालकों ने नगरपालिका द्वारा लगाए गए चेतावनी बोर्ड और अखबारों की कटिंग्स को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया है। उनका आरोप है कि अब्दुल वाहब, उस्मान चौधरी, असलम चौधरी, हैदर, जीशान, मोहम्मद दानिस चौधरी, नसीम, चंद्रपाल सिंह और बाबर चौधरी जैसे कुछ संचालक दबंगई दिखा रहे हैं। लगभग 300 परिवारों का दावा है कि उनके पास वैध परमिट हैं। स्टैंड से हटाए जाने पर वे बेरोजगार हो जाएंगे और पूरा परिवार भुखमरी झेलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि बस संचालकों की कार्रवाई रोक दी जाए और टेम्पो चालकों को उनके आवंटित स्टैंड से न हटाया जाए, ताकि उनकी रोजी–रोटी सुरक्षित रहे।

# जनता के हक की आवाज बनी जेडीयू

## - 46.79 लाख बिजली उपभोक्ताओं के समर्थन में सीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा प्रदेश के लगभग 46.79 लाख बिजली उपभोक्ताओं का बिना पूर्व सूचना एवं बिना सहमति स्वी.त विद्युत लोड बढ़ाए जाने के विरोध में सोमवार को जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने एक स्वर में नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने, जांच पूरी होने तक बढ़ाए गए लोड के आधार पर लगाए गए अतिरिक्त फिक्स्ड चार्ज एवं अन्य शुल्कों की वसूली पर रोक लगाने, बिना नियमानुसार बढ़ाए गए विद्युत



लोड को तत्काल पूर्ववत करने, अतिरिक्त बिलों को निरस्त करने, दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं विधिक कार्रवाई करने, भविष्य में किसी भी उपभोक्ता का विद्युत लोड बढ़ाने से पूर्व लिखित सूचना एवं सहमति अनिवार्य करने तथा बढ़े हुए लोड के कारण वसूली गई अतिरिक्त धनराशि को वापस अथवा आगामी बिजली बिलों में समायोजित किए जाने की मांग की गई। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश की जनता पहले से महंगाई और बढ़ते घरेलू खर्चों से जूझ रही है, ऐसे में बिना सूचना लाखों उपभोक्ताओं का बिजली लोड बढ़ाना उपभोक्ता अधिकारों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करे और उपभोक्ताओं को तत्काल राहत प्रदान करे। ज्ञापन कार्यक्रम में रविंद्र नाथ गुप्ता, पिंकी प्रजापति, सद्दाम हुसैन, ज्योति मौर्य, उमाकांत सविता, काशी प्रसाद याज्ञिक, आरती प्रजापति, कमलचंद्र प्रजापति, मंजू गुप्ता, शुभांशी गुप्ता, रामदात पटेल, अर्पित सिंह, राघवेंद्र सिंह, अमन सिंह, गौरव सिंह, शिवरानी, रेखा सहित एक सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहे।

# बसपा ने एक माह में फिर बदला जिलाध्यक्ष

## - रामसेवक प्रजापति को सौंपी कमान, बल्देव प्रसाद वर्मा बने मुख्य मंडल प्रभारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बहुजन समाज पार्टी ने संगठन में एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया है। पार्टी ने रामसेवक प्रजापति को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं बल्देव प्रसाद वर्मा को मुख्य मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि करीब एक महीने पहले ही पार्टी ने गुलाब वर्मा को जिलाध्यक्ष बनाया था। अब नेतृत्व में बदलाव कर पार्टी ने रामसेवक प्रजापति पर भरोसा जताया है। अंबेडकर पार्क में हुआ भव्य स्वागत रविवार को कचहरी परिसर स्थित अंबेडकर पार्क में नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बसपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद जिलाध्यक्ष रामसेवक प्रजापति और मुख्य मंडल प्रभारी



बल्देव प्रसाद वर्मा का कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाओं से जोरदार स्वागत किया। बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का संकल्प समारोह को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करने, पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने और आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने और बाबा साहब के विचारों व संविधान के संदेश को घर–घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस टीम ने पत्नी की हत्या करने वाले हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। थाना पनवाड़ी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिजरारी में 25 जुलाई 2026 रात्रि में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारीगण द्वारा



तत्काल स्थानीय पुलिस एवं फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। प्राथमिक जांच में मृतका के शरीर पर चोट के निशान पाए गए। प्रकरण में वादी (भाई) रवि उर्फ रफीक मंसूरी पुत्र निवासी ग्राम चिकासी जनपद हमीरपुर की तहरीर के आधार पर थाना पनवाड़ी में अभियोग पंजी.त किया गया। घटना के सफल हेतु पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देश तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 27 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हनीफ मुहम्मद उर्फ हनीफ मंसूरी पुत्र सुलेमान खां निवासी ग्राम बिजरारी थाना पनवाड़ी को उसके घर से गिरतार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने घरेलू विवाद के दौरान गुस्से में आकर हँसिया से अपनी पत्नी पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल हँसिया तथा घटना के समय पहने हुए खून से सने कपड़े बरामद किए गए, जिन्हें विधिवत सील कर कब्जे पुलिस में लिया गया। गिरतारी के उपरांत अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी उपरांत जेल भेज दिया गया।

# दुर्गावती पुलिस का शराब तस्करों पर बड़ा प्रहार

## - दो वाहनों से 456 लीटर विदेशी शराब बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती, कैमूर। कैमूर जिले के दुर्गावती थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह शराब तस्करों



के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग–अलग स्थानों से करीब 456 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस को देखते ही दोनों वाहनों के चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए फरार तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। पहली कार्रवाई थाना क्षेत्र के कर्मनाशा–चांद नहर के समीप की गई। यहां पुलिस ने उजाला रंग की महिंद्रा जायलो यूपी–65बीआर/2444 की तलाशी ली। वाहन से 8 पीएम ब्रांड की 38 पेटियां बरामद हुईं, जिनमें प्रत्येक पेटी में 48 बोतलें थीं। इसके अलावा रॉयल स्टैग ब्रांड की चार पेटियां भी मिलीं, जिनमें 375 मिली लीटर की 69 बोतलें तथा 750 मिलीलीटर की 18 बोतलें थीं। इस वाहन से कुल 367.695 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। दूसरी कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग–19 स्थित खामिदौरा मोड़ के पास की गई। यहां पुलिस ने सफेद रंग की टाटा नेक्सन यूपी–63एएफ/6272 की तलाशी ली। वाहन से 8 पीएम ब्रांड की दो पेटियां, रॉयल स्टैग ब्रांड की 750 मिलीलीटर की 54 बोतलें तथा मैजिक मोमेंट्स ब्रांड की 750 मिलीलीटर की 9 बोतलें बरामद हुईं। इस वाहन से कुल 88.29 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। दोनों वाहनों से कुल 455.985 लीटर (करीब 456 लीटर) विदेशी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने शराब की सभी पेटियों के साथ दोनों वाहनों को विधिवत जब्त कर लिया है। फरार चालकों की पहचान कर उनकी गिरतारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों मामलों में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

### – अभियुक्त पर पूर्व में भी गैंगस्टर समेत चोरी, धोखाधड़ी के आधे दर्जन से अधिक मामले दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित



अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना मरका पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना मरका के रहने वाले मानसिंह द्वारा सूचना दी गई कि 19 जुलाई अज्ञात चोरों द्वारा उनकी मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्काल थाना मरका पर अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरतारी के लिए टीमों की गठन किया गया। इसी क्रम में सोमवार को गश्त एवं चेकिंग के दौरान अभियुक्त को मरका असोथर रोड़ पुलिया के पास से अभियुक्त कामता उर्फ चुन्नू पुत्र रामसरन निवासी अतर्रा रोड कस्बा बबेरु, हाल पता ग्राम सिंघाव थाना ललौली जनपद फतेहपुर को गिरतार कर लिया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुयी है। अभियुक्त एक शातिर किस्म का बदमाश है जिस पर गैंगस्टर समेत चोरी, धोखाधडी के कई मामले दर्ज है। गिरतार करने वाली टीम में रामूसिंह चौकी प्रभारी जौगनी माता थाना मरका, कां0 पंकज सिंह, का0 विजय सिंह, का0 सतेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# टेल तक पानी न पहुंचने से भड़के किसान, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। धान की रोपाई के महत्वपूर्ण समय में सेवराई क्षेत्र में सिंचाई संकट गहराता जा रहा है। चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल से निकली दिलदारनगर–उसिया रजवाहा में पानी छोड़े जाने के बावजूद टेल (अंतिम छोर) तक पानी नहीं पहुंचने से किसानों में भारी नाराजगी है। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी सेवराई गजराज सिंह यादव को ज्ञापन सौंपकर टेल तक निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। भाकियू के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने बताया कि नहर में उसिया सेकेंड तक किसी तरह पानी पहुंच रहा है, लेकिन उसके आगे गोड़सरा, सेवराई सहित टेल क्षेत्र के कई गांवों की नहरें सूखी पड़ी हैं। इससे हजारों बीघा धान की फसल सिंचाई से वंचित है और समय पर पानी नहीं मिलने से फसल सूखने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का आरोप है कि नहर की नियमित सफाई और जल प्रबंधन की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष टेल क्षेत्र के किसानों को इसी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाकर अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की मांग की। किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस संबंध में उपजिलाधिकारी गजराज सिंह यादव ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर टेल तक पानी पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा और अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम प्रधान उसिया शम्स तबरेज खान, ग्राम प्रधान देहवल इनाम खान, गुलाम मजहर खान, सरफुद्दीन खान, इबरार खान, भोलू खान, फिरोज खान, नौशाद खान, मोहम्मद अली खान, मेराज खान, मुजम्मिल खान, खुर्शीद खान, हिसामुद्दीन खान, नूरुल होदा खान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जल संकट से जूझ रहा शहर का सर्वोदय नगर

### – जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, मिला आश्वासन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शहर के सिविल लाइन क्षेत्र सर्वोदय नगर में कई महीनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से लोगों में भारी आक्रोश देखने को



मिला है। मोहल्ले वासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जल संस्थान में व्याप्त भ्रष्टाचार लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कई महीनो से पेयजल की नियमित आपूर्ति बाधित होने से मोहल्लेवासी बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। जल संस्थान के अधिकारियों की उदासीनता एवं स्थानीय अवर अभियंता तथा संबंधित कर्मचारियों की लापरवाही के कारण हजारों उपभोक्ता गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं स्थिति यह है कि जल शक्ति राज्य मंत्री के आवास के कुछ दूर पर स्थित है।

## एडवाइजरी बोर्ड गठन के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं से मांगे प्रस्ताव

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्या ने बताया कि जनपद को दहेज से मुक्त कराने हेतु दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 8(4) के अंतर्गत एडवाइजरी बोर्ड का गठन किया जाना है। जिसके लिए सामाजिक कार्यकर्ता जिसमें कम से कम दो महिलाएं अवश्य हों के नाम, दूरभाष, ई–मेल व पते सहित शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है। श्री मौर्य ने बताया कि इच्छुक सामाजिक कार्यकर्ताओं अपना बायोडाटा कलेक्ट्रेट स्थित जिला प्रोबेशन कार्यालय में 03 दिवस के अन्दर उपलब्ध करा सकते हैं।

## प्रमोद निषाद की अध्यक्षता में सपा का जनसभा कार्यक्रम सम्पन्न

### – मुख्य अतिथि महेश कश्यप ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव महेश कश्यप का बामदेव की धरती पर आगमन हुआ। साथ में तिंदवारी विधानसभा के ग्राम कुकुवा में विशाल जनसभा का कार्यक्रम तिंदवारी वि


ानसभा अध्यक्ष प्रमोद निषाद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महेश कश्यप ने भाजपा सरकार के क्रियाकलापों की जमकर बुराई की और कहा कि भाजपा सरकार दलित पिछड़ों का हक खाए जा रही है। भाजपा सरकार में अपराध चरम सीमा पर है। इन्होंने भगवान राम को भी नहीं छोड़ा हमारी समाज के लोगों ने भगवान रामचंद्र को नौका से पार कराया था लेकिन ये सरकार पूरी तरह से फेल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी उमेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष इमरान अली राजू, युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव ओम नारायण त्रिपाठी विदित, अशोक सिंह गौर, रामलाल प्रजापति, दिलीप पटवा, राजन चंदेल, अजय निषाद, सर्वेश पाल, अंकित पाल, केके यादव, नीरज पाल, रहीस खान, बउआ परिहार, जनमेजय सिंह राखी निषाद, फूलमती निषाद, रामकली निषाद, इन्द्रपाल निषाद, कालूराम निषाद आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता नेता पदाधिकारी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद गुप्ता राजा ने किया।

## जनपद में चलाया सोमवार का विशेष बैंक चेकिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों और उसके आसपास के क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए जनपद में सोमवार का विशेष बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में



समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम, बैंक शाखाओं, वित्तीय संस्थाओं को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एटीएमध्बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशमन यंत्रों आदि को चेक किया गया एवं 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएमध्बैंकों के आसपास अनावश्यक व संदिग्ध रुप से टहल रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

## शारदा नहर में मिला केबल कर्मी का शव, तीन-चार दिन पहले नशे की हालत में लापता हुआ था

संवाददाता लखनऊ। राजधानी के पारा क्षेत्र में रविवार सुबह शारदा नहर से एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना पारा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। मृतक की पहचान सीतापुर जनपद के महोली निवासी धर्मेन्द्र गौतम के रूप में हुई है, जो लखनऊ में रहकर केबल बिछाने का कार्य करता था।पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि धर्मेन्द्र गौतम शराब पीने का आदी था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि करीब तीन से चार दिन पहले वह तिकुनिया क्षेत्र के पास शराब के नशे में पड़ा हुआ देखा गया था। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह शारदा नहर में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।मृतक के भाई रवि गौतम ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की थी, लेकिन इस संबंध में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। रविवार सुबह पुराना पुल के पास शारदा नहर में शव तैरता दिखाई देने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही थाना पारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराई। पहचान होने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला नहर में गिरने से हुई मौत का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर कानून–व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं बनी।

# श्रावण मास व कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन मुस्तैद

### - यात्रा को शांतिपूर्ण, सुगम व सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने हेतु व्यापक दिशा-निर्देश जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के . ष्टिगत जिलाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। यात्रा को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय समिति, पुलिस अधिकारियों तथा थाना स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित की गई हैं। कांवड़ संघों, श्रद्धालुओं तथा स्थानीय डीजे संचालकों के साथ समन्वय बैठकें कर आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग को पूरी तरह गड्ढा–मुक्त करने तथा आवागमन में आने वाली बाधाओं



को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने बताया कि कांवड़ मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कांवड़ियों की आवाजाही और आम जनता के यातायात में किसी प्रकार का अवरोध या कठिनाई न आए। प्रशासन एवं पुलिस की टीमों द्वारा कांवड़ रूटों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और सभी संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी संतोष शर्मा ने सभी कांवड़ संघों, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे शांति, सौहार्द और यातायात व सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए इस पावन यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।

# गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दो, गौशाला मदद बढ़ाओ : गोरक्षा परिषद

### - ज्ञापन सौंपकर की मांग, नहीं मानी तो देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

हापुड़। भारतीय गोरक्षा परिषद



उत्तर प्रदेश ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गौमाता को संवैधानिक रूप से राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने समेत कई बड़ी मांगें रखीं। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मोहित चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों, गौसेवकों और गौभक्तों ने यह ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार तक पहुंचाने का अनुरोध किया। ज्ञापन में कहा गया कि गोमाता भारतीय संस्‍ति, सनातन परंपरा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। वे केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि .षि, पर्यावरण, जैविक खेती, दूध उत्पादन और ग्रामीण आत्मनिर्भरता की आधारशिला हैं। इसके बावजूद गौ–तस्करी, गौ–हत्या और गौशालाओं में संसाधनों की कमी जैसी समस्याएं बरकरार हैं। मुख्य मांगों में गोमाता को तत्काल राष्ट्रमाता का दर्जा, पूरे देश में गौ–हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौ–तस्करी रोकने के लिए कठोर कानून, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में गौमाता के सांस्कृतिक– वैज्ञानिक महत्व को शामिल करना शामिल हैं। साथ ही गौशालाओं में प्रति गाय दी जा रही सहायता 50 से बढ़ाकर न्यूनतम 100 प्रतिदिन करने और गौसेवकों का मानदेय 290 से बढ़ाकर 500 प्रतिदिन करने की मांग की गई है। परिषद ने चेतावनी दी कि अगर इन मांगों पर जल्द गंभीर कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक दायरे में देशव्यापी जनजागरण, धरना–प्रदर्शन और शांतिपूर्ण आंदोलन चलाया जाएगा।

## 1.60 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा वृहद गोसंरक्षण केंद्र

### - बेसहारा गोवंश को मिलेगा बेहतर आशियाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपने श्गो–सेवा और गो–संरक्षणश के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में बुंदेलखंड के बांदा जिले को गोवंश संवर्धन की एक और बड़ी सौगात मिली है। जिले के बबेरू क्षेत्र के बांगर जलालपुर गांव में 1.60 करोड़ रुपए की लागत से एक आधुनिक और वृहद गोसंरक्षण केंद्र का निर्माण होने जा रहा है। सरकार की इस बड़ी पहल से जहां बेसहारा गोवंशों को एक सुरक्षित और बेहतर आशियाना मिलेगा वहीं स्थानीय किसानों को अन्ना प्रथा और आवारा पशुओं की गंभीर समस्या से बड़ी राहत भी मिलेगी। आधुनिक और हाईटेक होगा नया वृहद गोसंरक्षण केंद्र इस गोसंरक्षण केंद्र का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के द्वारा कराया जा रहा है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार यह केंद्र पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यहां गोवंशों




के रखरखाव, उनके चारे–भूसे व पानी के प्रबंध और बीमार पशुओं के त्वरित इलाज के लिए दवाओं की व्यवस्था भी की जाएगी। ठंड, गर्मी और बरसात के मौसम में गोवंश को सुरक्षित रखने के लिए विशेष शेड बनाए जा रहे हैं। किसानों को मिलेगी श्अन्ना प्रथाश से मुक्ति बुंदेलखंड के बांदा जिले में किसानों के लिए आवारा और बेसहारा पशु हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहे हैं। रात–दिन खेतों की रखवाली करने के बाद भी फसलें बर्बाद होने का डर बना रहता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत जिले में कई जगहों पर वृहद गोसंरक्षण केंद्र बनाये गए हैं उसी प्रकार यहां पर भी बनने वाले इस वृहद केंद्र से क्षेत्र के हजारों किसानों की यह चिंता दूर होगी और आवारा पशुओं के इस केंद्र में संरक्षित होने से फसलों का नुकसान रुकेगा और किसानों की लागत व मेहनत दोनों सुरक्षित रहेगी। गो–सेवा के संकल्प को जमीन पर उतार रहा प्रशासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बांदा जिला प्रशासन इस परियोजना को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने में जुटा है। स्थानीय ग्रामीणों और किसानों ने योगी सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह सिर्फ पशुओं का संरक्षण नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का बड़ा प्रयास है। इन्होंने बताया कि इस गोसंरक्षण केंद्र के शुरू होने से न केवल गोवंश सुरक्षित होगा बल्कि बड़े पैमाने पर जैविक खाद का निर्माण भी हो सकेगा जो भविष्य में प्रा.तिक खेती को बढ़ावा देगा।

# कांवड़ यात्रा व श्रावण मास को लेकर मॉक ड्रिल

### - बाढ़ आपदा से निपटने का दिया प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। आगामी कांवड़ यात्रा एवं श्रावण मास को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा



और आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए डलमऊ गंगा घाट पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान गंगा घाट पर दर्शन के दौरान अचानक भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर घायलों को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने, उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और स्थिति को नियंत्रित करते हुए व्यवस्थाओं को दोबारा सुचारू रूप से संचालित करने का अभ्यास किया गया। इसके साथ ही बाढ़ आपदा से निपटने को लेकर भी पुलिसकर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों–कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। गंगा में डूब रहे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, पानी में फंसे लोगों की मदद करने और आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी राघवन कुमार के नेतृत्व में आयोजित मॉक ड्रिल में बाढ़ आपदा से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़–चढ़कर शामिल हुए। अभ्यास के दौरान आपदा के समय बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि आगामी कांवड़ यात्रा एवं श्रावण मास के दौरान डलमऊ गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। ऐसे में किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने के लिए पुलिस एवं आपदा राहत टीमों को पूरी तरह तैयार रखा जा रहा है। मॉक ड्रिल के माध्यम से कर्मचारियों को वास्तविक आपदा जैसी स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने का अभ्यास कराया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और बाढ़ आपदा से बचाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।

## मिशन शक्तिअभियान : भरथना पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना भरथना पुलिस ने थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।



कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इसमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें, किसी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें तथा ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय पूरी सतर्कता बरतें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने की अपील की गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी वाले पंपलेट भी वितरित किए गए तथा उन्हें विभिन्न सरकारी सुरक्षा सेवाओं और हेल्पलाइन सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। पुलिस ने बताया कि महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद में मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके और महिलाओं में आत्मविश्वास का विकास हो।

## नि:शुल्क नेत्र जांच एवं आयुष्मान भारत कार्ड शिविर का आयोजन

### - सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। जनता इंतिखाबी मेमोरियल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा समाज सेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से निःशुल्क नेत्र जांच एवं आयुष्मान भारत कार्ड पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना तथा उन्हें केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना था। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों की आंखों की निःशुल्क जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय



परामर्श दिया। जिन मरीजों को आगे उपचार की आवश्यकता थी, उन्हें उचित सलाह भी प्रदान की गई। इसके साथ ही पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान भारत कार्ड भी बनाए गए, जिससे वे सरकार की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्षा नसरिन इंतिखाब ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जनसेवा के ऐसे प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। ट्रस्ट के महामंत्री इं. मोहम्मद जुहैब ने कहा कि समाज सेवा केवल दायित्व नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट भविष्य में भी जनहित से जुड़े ऐसे शिविरों और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सचिव फरहान अहमद, संस्था के पदाधिकारी, सदस्य, स्वयंसेवक तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के सक्षम लोगों से ऐसे सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन मानव सेवा ही सच्ची समाज सेवा है के संदेश के साथ हुआ।

## आम के बाग में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, फांसी लगाकर आत्महत्या की आशंका

संवाददाता लखनऊ। राजधानी के काकोरी क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक का शव आम के बाग में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और फील्ड यूनिट को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 7रू45 बजे सूचना मिली कि दुर्गागंज चौराहे से आगे मलिहाबाद रोड किनारे स्थित आम के बाग में एक युवक ने फांसी लगा ली है। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक का शव आम के पेड़ से चारपाई की निवार के फंदे के सहारे लटका हुआ था।मृतक की पहचान रोहित रावत उर्फ बउवा (25) पुत्र कालू रावत, निवासी दुर्गागंज, थाना काकोरी के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में घटनास्थल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई तथा फील्ड यूनिट द्वारा साक्ष्य संकलित किए गए। इसके बाद शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया गया।पुलिस ने नियमानुसार पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना के कारणों की जांच जारी है।

# मक्खनपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में गूंजा स्वच्छता का संदेश

## – ब्लैक इंफ्राटेक टीम ने बच्चों को सिखाया कचरा पृथक्करण का सही तरीका

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। स्वच्छता के प्रति चेतना जगाने के उद्देश्य से नगर पंचायत मक्खन मक्खनपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष गीता देवी एवं अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। जिसमें, टीम के सदस्यों ने विद्यालय के छात्र–छात्राओं को कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के बुनियादी नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए नीले, हरे, पीले और लालध काले रंग के डस्टबिनों के अलग–अलग उपयोग और उनमें डाले जाने वाले कचरे की सही श्रेणी के बारे में समझाया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने भी स्वच्छता के इन नियमों को अपने दैनिक जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन ब्लैक इंफ्राटेक आईईसी टीम द्वारा किया गया। टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा और सैनिटरी वेस्ट को किस प्रकार स्रोत पर ही अलग–अलग करके डस्टबिन में डाला जाना चाहिए। साथ ही, जागरूकता सत्र के दौरान ब्लैक इंफ्राटेक टीम ने आह्वान किया कि वे न केवल अपने विद्यालय, घर और आसपास के वातावरण को साफ–सुथरा रखें, बल्कि अपने परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करें।

# 32 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के प्रोजेक्ट प्रदर्शन के रजिस्ट्रेशन हेतु गोष्ठी आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत



जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में अमेजिंग वर्ल्ड सिरसागंज में विद्यालय के निदेशक अंशुल खंडेलवाल एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के रजिस्ट्रेशन के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय साइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टैंबिलिटी है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में कोई मॉडल नहीं बनना है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग करते हैं। प्रतिभागियों को अपना रजिस्ट्रेशन निर्गत लिंक पर भरना होगा। उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के अधिक से अधिक प्रतिभागियों को इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में रजिस्ट्रेशन एवं प्रतिभाग कराकर उनकी शोध की प्रवृत्ति में वृद्धि करने में सहयोग करें। अंशुल खंडेलवाल ने जिला समन्वयक का आभार व्यक्त करते हुए सभी बाल वैज्ञानिकों को प्रोजेक्ट कार्य की महत्ता बताते हुए सभी को रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी का संचालन गणेश गुप्ता ने किया।इस अवसर पर एकेडमिक निदेशक डॉ रुचि खंडेलवाल, प्रधानाचार्या अंजू यादव, गुंजन चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# अवैध असलहा रखने के मामले में दोषी को सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते अवैध ा असलहा रखने के एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। थाना चकरनगर पर पंजी.त मु0अ0सं0–23/2019, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के मामले में




एसीजेएम–2 ने अभियुक्त कमलेश उर्फ ब्रजेन्द्र पुत्र नेकराम मल्लाह, निवासी बावन गुवाही, थाना चकरनगर को दोषसिद्ध पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास तथा 2000 के अर्थदंड से दंडित किया है।

पुलिस ने बताया कि अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी एवं साक्ष्यों के सफल प्रस्तुतीकरण के परिणामस्वरूप न्यायालय से यह सजा सुनिश्चित कराई गई। यह कार्रवाई ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# भारत रत्न डॉ. कलाम की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

## – श्रद्धांजलि सभा में नेताओं ने कलाम के व्यक्तित्व व कृतित्व को किया याद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ज्वालागंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके लिए दुआ कर खिराज–ए–अकीदत पेश की।

सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम एक महान वैज्ञानिक होने के साथ–साथ आदर्श राष्ट्रपति भी थे। उन्होंने राष्ट्रपति पद की गरिमा का जिस प्रकार निर्वहन किया, उससे आने



वाली पीढ़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति की भूमिका पर भी अपनी बात रखी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने कहा कि डॉ. कलाम देश के कुशल नायक थे। उनकी प्रतिभा, ईमानदारी, नैतिकता और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन युवाओं के लिए संघर्ष, सादगी और सफलता का संदेश देता है। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख एजाज अहमद, फजलुर्रहमान, देवी प्रकाश दुबे एवं कलीम उल्ला सिद्दीकी ने भी डॉ. कलाम के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शकीला बानो, रेखा पासवान, निजामुद्दीन, डॉ. अतुल पासवान, राम नरेश महाराज, आरिफ खान, अकरम काले, राजीव श्रीवास्तव, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, नजमी कमर, रमजान अहमद, अब्दुल रज्जाक, उस्मान बेग, हम्माद हुसैन, धर्मेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने अपने निजी प्रतिष्ठानों में स्थापित करा लिए सोलर पंप

## – क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन,– विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी उठाए सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। ब्लॉक प्रमुख पर सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग और विकास कार्यों में धांधली का बड़ा आरोप लगा है। गरीब बस्तियों के लिए आए सोलर पंपों को अपने निजी प्रतिष्ठानों में स्थापित करने के साथ विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाते हुए सोमवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य और भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एसडीएम विवेक राजपूत से मुलाकात की है। सदस्यों का आरोप है कि दलित और गरीब बस्ती में रहने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए शासन से आए सोलर पंपों को ब्लॉक प्रमुख ने अपने निजी प्रतिष्ठानों, व्यक्तिगत उपयोग की भूमि, निजी ईंट भट्ठे और रिश्तेदारों के यहां स्थापित करा दिया है। जो न सिर्फ बड़ी अनियमितता है अपितु शासन द्वारा संचालित योजनाओं का दुरुपयोग है। सदस्यों का यह भी आरोप है कि क्षेत्र पंचायत निधि से बनवाई गई इंटरलॉकिंग रोड के निर्माण में बहुत ही घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ है और निम्न स्तर का निर्माण हुआ है। विभिन्न गांवों में लगाई गई सीमेंटेड कुर्सियां और बेंच भी बहुत निम्न स्तर की है। यही नहीं सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र में लगाई गई स्ट्रीट लाइटों को मरम्मत के नाम पर खोलकर



गायब कर दिया गया है। उन्होंने इन सभी विषयों पर निष्पक्ष जांच और दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मनीष कौशल, विजय बहादुर, रामेंद्र प्रताप यादव, सोनू शुक्ला, राहुल पासी, संदीप कुमार, भोलेंद्र शुक्ल समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# डीएसआर तकनीक से धान की खेती में अभिनव पहल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश .षि विविधीकरण सहायता परियोजना (यूपी डॉस) द्वारा संचालित यूपी ऐग्रीज परियोजना के अंतर्गत



जलवायु–सहिष्णु (क्लाइमेट रेजिलिएंट) .षि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद बहराइच के तेजवापुर एवं फखरपुर विकास खंडों में डायरेक्ट सीडेड राइस (डी.एस.आर.) तकनीक के माध यम से धान की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस तकनीक के प्रचार–प्रसार एवं किसानों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु विभिन्न गांवों में फील्ड लेवल डेमोंस्ट्रेशन (एफ.एल.डी.) स्थापित किए गए हैं। इसी क्रम में खमेरिया शुक्ल, गजपतिपुर, रामगांव तथा टेड़वा बसंतपुर गांवों में स्थापित प्रदर्शनों का निरीक्षण एवं किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आई.आर.आर.आई.) के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. आरके मलिक, एसोसिएट साइंटिस्ट डॉ. धीरज तिवारी, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर डॉ. विपिन कुमार, परियोजना वैज्ञानिक डॉ. विपिन कुमार शर्मा तथा जूनियर रिसर्च टेक्नीशियन राघवेंद्र ने किसानों के खेतों का भ्रमण किया और खेती से संबंधि ात तकनीकी सुझाव प्रदान किए। किसानों को संबोधित करते हुए डॉ. आरके मलिक ने बताया कि डीएसआर तकनीक की सफलता में खरपतवार प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सलाह दी कि समय पर एवं अनुशंसित मात्रा में खरपतवारनाशी (हर्बीसाईड) का प्रयोग किया जाए। इसके साथ ही संतुलित उर्वरक प्रबंधन, उचित बीज दर, समय पर सिंचाई तथा फसल की नियमित निगरानी अपनाने से बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि डीएसआर तकनीक पारंपरिक रोपाई विधि की तुलना में कम पानी, कम श्रम तथा कम लागत में धान उत्पादन का प्रभावी विकल्प है। यह तकनीक जल संरक्षण के साथ–साथ खेती की लाभप्रदता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। इसके अतिरिक्त, डीएसआर तकनीक पर्यावरण संरक्षण की .ष्टि से भी महत्वपूर्ण है। पारंपरिक धान की खेती में खेतों में लंबे समय तक पानी भरा रहने के कारण मीथेन गैस का उत्सर्जन अधिक होता है, जो एक प्रमुख ग्रीनहाउस गैस है और जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देती है। डीएसआर पद्धति में खेतों में निरंतर जलभराव नहीं रहता, जिससे मीथेन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। इस प्रकार यह तकनीक कार्बन फुटप्रिंट कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। किसानों ने भी डीएसआर तकनीक के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए बताया कि इस पद्धति से श्रम की आवश्यकता कम हुई है तथा समय की बचत के साथ खेती अधिक सुविधाजनक हुई है। यूपी ऐग्रीज परियोजना के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं जलवायु–अनुकूल कृषि तकनीकों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि एवं कृषि की स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

# महिला आयोग की सदस्य 28 जुलाई को करेंगी जनसुनवाई

## – 29 को निरीक्षण व महिला चौपाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगी। इस दौरान वह महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की समीक्षा, महिला जनसुनवाई,



जागरूकता कार्यक्रम तथा महिला चौपाल में प्रतिभाग करेंगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋषान्त कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 28 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (सर्किट हाउस) जीटी रोड में महिला जनसुनवाई आयोजित होगी। इस दौरान महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को प्रातः 10 बजे संबंधित संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। इसके उपरांत अपराह्न तीन बजे विकास खंड हथगाम में महिला चौपाल का आयोजन होगा, जिसमें महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिला प्रशासन ने जनपद की महिलाओं से अपील की है कि जिनकी कोई शिकायत या समस्या लंबित है, वे निर्धारित समय पर जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी समस्या प्रस्तुत करें, ताकि उसका प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट समिति ने प्रेमनगर में वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारंभ



न्यूज वाणी ब्यूरो

देहरादून। क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट समिति द्वारा प्रेमनगर के केंद्रीय विद्यालय, भारतीय सैन्य अकादमी, प्रेमनगर में वृहद वृक्षारोपण अभियान शुभारंभ किया गया। फूलों के 60 वृक्ष रोपित किये गए, जिनमे अमलताश, सिल्वर ओक, कनेर, चंपा, गुलमोहर केसिया सामिया के वृक्ष लगाए गए। देहरादून समिति ने विशिष्ट अतिथि के रूप में मीनू कलिरमण को आमंत्रित किया। जिन्होंने वर्ष 2023 में भारत की तरफ से एवरेस्ट पर्वत पर सफल चढ़ाई की थी। मीनू द्वारा भी समिति के सदस्यो के साथ मिलकर वृक्ष लगाए और समिति द्वारा किये जा रहे लगातार वृक्षारोपण कार्यक्रमों की भरसक प्रशंसा की। स्कूल प्रिंसिपल मामचंद द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया और लगाए गए वृक्षों की देखभाल तथा खाद पानी इत्यादि की पूर्ण व्यवस्था करने का प्रण लिया। उत्तराखंड राज्य मे इस वर्ष मानसून काफी कमजोर है और ग्लोबल वर्मिंग का खतरा बहुत बढ़ता जा राजमहल है। लगातार पहाड़ो के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे है, जिसकी वजह से प्र.ति पर खतरा उत्पन्न हो गया है। इसी कमी को कुछ हद तक कम करने के लिए समिति द्वारा लगातार वृक्ष लगाए जा रहे है ताकि उत्तराखंड राज्य की प्र.ति और सुंदरता को बचाया जा सके। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष राम कपूर, उपाध्यक्ष रणदीप अहलूवालिया, सचिव जेपी किमोठी, कोषाध्यक्ष शंभू शुक्ला तथा सदस्यों में दीपक सिंह, राजेश भाटीया, नितिन कुमार, रविंद्र खालसा, गौरव सोनकर, हर्षवर्धन जमलोकी, दिवाकर नैथानी, सुन्दर शुक्ला, पियूष निगम, राजेश बाली, गगन चावला, सोनिया, सपना कार्की, तथा विशिष्ट अतिथि मीनू कलिरमण, मुख्य अतिथि डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, उपाध्यक्ष, उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी तथा विद्यालय के प्रिंसिपल मामचंद तथा समस्त स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा व चेहल्लुम को लेकर प्रशासन अलर्ट

## – शांति समिति की बैठक में दिए सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी श्रावण मास, कांवड़ यात्रा एवं चेहल्लुम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभयनाथ त्रिपाठी ने की। बैठक में विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं, शांति समिति के सदस्यों, संभ्रांत नागरिकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा–जमुनी तहजीब, सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे की परंपरा को हर हाल में बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी से त्योहारों को मिल–जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्गों का तत्काल भौतिक सत्यापन कर आवश्यक पैचवर्क एवं सड़कों की मरम्मत का कार्य समय से पूरा कराया जाए। यात्रा मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ–सफाई तथा मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही लटकती हुई बिजली की तारों की मरम्मत कराकर संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ मार्गों, प्रमुख शिवालयों एवं चेहल्लुम के जुलूस मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से की जाएगी। सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली अफवाहों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा अफवाह फैलाने वालों एवं उपद्रवियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका एवं पंचायती राज विभाग को शिवालयों और जुलूस मार्गों के आसपास नियमित साफ–सफाई एवं सैनिटाइजेशन कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्साधिकारी को एंबुलेंस, जीवन रक्षक दवाओं एवं चिकित्सकीय टीमों को अलर्ट मोड पर रखने के लिए कहा गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी नई परंपरा को अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी आयोजन पूर्व निध ारित पारंपरिक मार्गों एवं समय सीमा के अनुसार ही संपन्न होंगे। आयोजकों एवं डीजे संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों का कड़ाई से पालन



करने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक अभयनाथ त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अफवाह की जानकारी तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम अथवा स्थानीय पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी बिपिन कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सभी उपजिलाधिकारी, सभी क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित कुमार, विभिन्न विभागों के अधिकारी, शांति समिति के सदस्य, धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रशासन ने सभी से त्योहारों को आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान किया।

# कारगिल के रणबांकुरों को नमन, वीर नारियों का हुआ सम्मान

## – पूर्व सैनिकों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था के तत्वावधान में मेडिकल



कॉलेज परिसर में श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के जनपद अध्यक्ष वेटरन लाल चन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और संस्था के सदस्यों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर, माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाया तथा कारगिल युद्ध के अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में वीर नारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही 16 पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को संस्था की सदस्यता प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। जनपद अध्यक्ष वेटरन लाल चन्द्र ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों का त्याग सदैव राष्ट्र को प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने संस्था की गतिविधियों और आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी देते हुए पूर्व सैनिकों से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस दौरान संस्था के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से संगठन की शपथ ली और राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अंत में उपस्थित लोगों ने वीर जवानों को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# गो सम्मान आह्वान अभियान में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

## – गोमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए केंद्रीय कानून समेत 30 से अधिक मांगें उठाईं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गोमाता की सेवा, सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर चलाए जा



रहे गो सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण के तहत सोमवार को जिले में अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने जिला संयोजक ध र्मेन्द्र सिंह जनसेवक के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने गोसंरक्षण से जुड़ी विभिन्न मांगों पर सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। अभियान के प्रतिनिधियों ने बताया कि देशभर में कई महीनों से जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। उनका दावा है कि दूसरे चरण में 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों के साथ सरकार को अनुस्मारक (रिमाइंडर) प्रार्थना पत्र भेजा गया है। जनपद से भी बड़ी संख्या में लोगों के समर्थन के साथ ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में गोहत्या निषेध के लिए केंद्रीय कानून बनाए जाने, गोमाता को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करने, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा .षि, पर्यावरण, शिक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी गो–केंद्रित नीतियां लागू करने सहित 30 से अधिक मांगें प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस दौरान गोपूजन, भजन–कीर्तन और शांतिपूर्ण प्रार्थना यात्रा भी निकाली गई। यात्रा में भगवान श्री.ष्ण–बलराम के स्वरूप, गोमाता की झांकी तथा अभियान के संदेशों का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और ज्ञापन सौंपा। अभियान के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक जनआंदोलन है। उन्होंने सरकार से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में संत–महात्माओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों, किसानों, युवाओं, व्यापारियों तथा बड़ी संख्या में गोभक्त मौजूद रहे।

# बोर्ड बैठक में पास प्रस्तावों के अमल न होने पर सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से पारित जनहित के प्रस्तावों पर अब तक अमल न होने से नाराज वार्ड संख्या 24 के सभासद रीता पटेल ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि बोर्ड की बैठक में पारित प्रस्ताव शहर के विकास और आमजन की सुविधाओं से जुड़े हैं, इसलिए उन्हें बिना विलंब लागू कराया जाए। सभासद ने बताया कि 15 अप्रैल को हुई बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए थे, लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद उन पर कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी है। इससे नगरवासियों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ज्ञापन में प्रमुख रूप से अटल बिहारी पार्क के संचालन एवं रखरखाव के लिए किसी स्वयंसेवी संस्था, फर्म अथवा एनजीओ को नामित करने के प्रस्ताव को लागू करने की मांग की गई है। इसके अलावा ग्राम झाऊपुर स्थित नगर पालिका के साउथ सिटी जोन कार्यालय के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने तथा नगर क्षेत्र में फुटपाथों एवं खाली पड़े मैदानों पर उगी झाड़ियों की सफाई, सूखे पेड़ों की कटाई और साफ–सफाई के लिए निर्माण विभाग में चार कर्मचारियों की भर्ती संबंधी प्रस्ताव पर भी तत्काल अमल कराने की मांग उठाई गई। सभासद ने कहा कि ये सभी प्रस्ताव नगर हित और जनसुविधाओं को ध्यान में रखकर बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। ऐसे में इन पर देरी होना जनहित के विपरीत है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से मांग की कि सभी लंबित प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित कर नगरवासियों को उनका लाभ दिलाया जाए।

# अभय सिंह बने उपनिरीक्षक, व्यापार मंडल ने किया सम्मान

## - उत्कृष्ट सफलता पर बेटे के साथ माता-पिता व बहन को भी सराहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक (एसआई) पद पर चयनित होकर खागा का नाम रोशन करने वाले अभय सिंह का सोमवार को नगर में भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने राजपूत नगर स्थित उनके आवास पहुंचकर माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अभय सिंह ने हाल ही में संपन्न उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में उत्.ष्ट अंकों के साथ सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। व्यापार मंडल खागा के महामंत्री एवं अभय सिंह के पिता दिनेश सिंह राजपूत, माता ममता राठौर तथा बहन निधि को भी बेहतर परवरिश और उत्.ष्ट संस्कार देने के लिए माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि परिवार के संस्कार और मार्गदर्शन से ही युवा बड़ी सफलताएं हासिल कर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख महेंद्र सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, अनिल साहू, ललित केशरवानी, वरिष्ठ जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह यादव उर्फ सोनू, खागा नगर अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय अग्रहरि, मनोज शुक्ल, उपाध्यक्ष भूप सिंह यादव,



विकास केशरवानी, गुड्डू बाजपेई, डॉ. आरसी राय, मंसूर आलम, वरिष्ठ संरक्षक कमलेश बाजपेई, संरक्षक अब्दुल हफीज हाफिज, मंत्री राजू तिवारी, शमीम अहमद, चुन्ना, धीरेंद्र शुक्ल, अवन अग्रहरि, जिला मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ल सहित बड़ी संख्या में व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री शीलू सिंह पुत्री श्यामवती देवी का जन्म ग्राम सीर इब्राहिमपुर पोस्ट– मवई विकासखंड भिटौरा जिला फतेहपुर स्थित घर पर दिनांक 16/05/1985 को हुआ था! जानकारी के अभाव में जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया गया था! अब मुझे जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है! जिसे ग्राम पंचायत– सीर इब्राहिमपुर विकासखंड भिटौरा जिला फतेहपुर की तरफ से निर्गत किया जाना अति आवश्यक है! यदि किसी को कोई समस्या हो तो वह आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। श्यामवती देवी पत्नी स्वर्गीय जगदेव सिंह निवासी ग्राम– सीर इब्राहिमपुर पोस्ट– मवई विकासखंड भिटौरा सदर तहसील फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र राजयवीर मौर्य , पुत्र वीरेंद्र कुमार का जन्म दिनांक 29/06/2018 का ग्राम सीमौर पोस्ट गाजीपुर विकास खण्ड बहुआ फतेहपुर में हुआ था। अज्ञानतावश जन्म पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज नहीं हो सका था। अब जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से निर्गत नहीं हुआ है। किसी प्रकार का वाद–विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी एवं मेरे परिवार की होगी। वीरेंद्र कुमार पुत्र– राजबहादुर ग्राम सीमौर पोस्ट गाजीपुर विकास खण्ड बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर (उ०प्र०)

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी.डी.), फतेहपुर

प्रकीर्ण वाद संख्या: 123/70/2026

याचीगण श्रीमती मनोरमा गुप्ता, उम्र लगभग 70 वर्ष। तरुणराज गुप्ता, उम्र लगभग 45 वर्ष, पुत्र स्व. श्री राधेश्याम गुप्ता। दोनों निवासी: 131/145, चूना वाली गली, हरिहरगंज, तहसील सदर, थाना कोतवाली, जनपद फतेहपुर।

बनाम

प्रतिवादी निखिल राव गुप्ता, उम्र लगभग 40 वर्ष, पुत्र स्व. राधेश्याम गुप्ता, निवासी 131/145, चूना वाली गली, हरिहरगंज, तहसील सदर, थाना कोतवाली, जनपद फतेहपुर। प्रकीर्ण वाद अंतर्गत धारा 372, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वाद में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 की धारा 372 के अंतर्गत उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र (Succession Certificate) जारी किए जाने हेतु याचिका प्रस्तुत की गई है। अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र जारी किए जाने के संबंध में कोई आपत्ति हो, वह दिनांक 12 अगस्त, 2026 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय सिविल जज (सी.डी.), फतेहपुर में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति–पत्र एवं साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। यदि निर्धारित तिथि पर कोई व्यक्ति उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत नहीं करता है, तो न्यायालय उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर विधि अनुसार उचित आदेश पारित करेगा।

मुंसरिम न्यायालय सिविल जज (सी.डी.) फतेहपुर।

# दिव्यांग बच्चों के लिए सितंबर में लगेंगे मापन शिविर

## – नवंबर में वितरित होंगे सहायक उपकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों को सहायक उपस्कर एवं उपकरण उपलब्ध कराने के लिए सितंबर माह में मापन एवं परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में चयनित बच्चों को नवंबर माह में भारतीय .त्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर के सहयोग से आवश्यक उपकरण वितरित किए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों, को–लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित सहायता प्राप्त (गवर्नमेंट एडेड) विद्यालयों में अध्ययनरत विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में एलिम्को के विशेषज्ञ बच्चों का मापन एवं परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपकरणों का चयन करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीआरसी हथगाम में 7 सितंबर को मापन एवं परीक्षण शिविर तथा 17 नवंबर को उपकरण वितरण, बीआरसी मलवां में 8 सितंबर को मापन एवं परीक्षण शिविर तथा 18 नवंबर को वितरण, जबकि बीआरसी बहुआ (शाह) में 9 सितंबर को मापन एवं परीक्षण शिविर एवं 19 नवंबर को उपकरण वितरण किया जाएगा। बीएसए ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों का व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र बच्चे इसका लाभ उठा सकें। इसके लिए सभी एआरपी, संकुल शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं स्पेशल एजुकेटर्स को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। स्पेशल एजुकेटर्स अपने–अपने क्षेत्र के पात्र बच्चों का डाटा तैयार कर प्रत्येक बच्चे और उसके अभिभावकों को शिविर की जानकारी देंगे। शिविर में आने वाले बच्चों को विद्यालय में अध्ययनरत होने का प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण–पत्र तथा दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (यूडीआईडी कार्ड) साथ लाना अनिवार्य होगा।

## सूबेदारगंज-औंड़िहार-प्रयागराज श्रावणी मेला अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए श्रावणी मेला के अवसर पर सूबेदारगंज-औंड़िहार-प्रयागराज श्रावणी मेला अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 01917/01918 सूबेदारगंज-औंड़िहार-प्रयागराज श्रावणी मेला अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)

| गाड़ी सं.- 01917 सूबेदारगंज-औंड़िहार | | | गाड़ी सं- 01918 औंड़िहार-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| प्रतिदिन | 21:30 | सूबेदारगंज | ---- | ---- |
| 21:45 | 21:50 | प्रयागराज जं. | 06:25 | प्रतिदिन |
| 22:00 | 22:02 | प्रयागराज रामबाग | 06:00 | 06:02 |
| 22:13 | 22:14 | झूंसी | 04:50 | 04:51 |
| 22:30 | 22:31 | हंडिया खास | 04:26 | 04:27 |
| 22:55 | 22:57 | ज्ञानपुर | 04:05 | 04:07 |
| 23:10 | 23:11 | माधो सिंह | 03:50 | 03:51 |
| 00:05 | 00:10 | बनारस | 02:55 | 03:15 |
| 00:30 | 00:35 | वाराणसी जं. | 02:40 | 02:45 |
| 00:45 | 00:47 | वाराणसी सिटी | 02:25 | 02:27 |
| 01:30 | प्रतिदिन | औंड़िहार जं. | प्रतिदिन | 01:55 |

सूबेदारगंज सेः- गाड़ी संख्या 01917, दिनांक 29.07.2026 से 29.08.2026 तक।
औंड़िहार सेः- गाड़ी संख्या 01918, दिनांक 30.07.2026 से 30.08.2026 तक।

विशेष सूचनाः- गाड़ी संख्या 63237 पं0 दीन दयाल उपाध्याय-सूबेदारगंज मेमू की सेवा दिनांक 29.07.2026 से 29.08.2026 तक प्रयागराज से सूबेदारगंज एवं गाड़ी संख्या 64596 सूबेदारगंज-पं0 दीन दयाल उपाध्याय मेमू की सेवा दिनांक 30.07.2026 से 30.08.2026 तक सूबेदारगंज से प्रयागराज के मध्य आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1721/26(A)

# पत्रकारों ने उत्साह से मनाया प्रदेश महामंत्री का जन्मदिन

## – केक काटकर दी शुभकामनाएं, दीर्घायु की कामना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिला कार्यालय में सोमवार को संगठन के प्रदेश



महामंत्री मेराज उद्दीन महताब का जन्मदिन पूरे उत्साह और आत्मीय माहौल में मनाया गया। संगठन के पदाधिकारियों, पत्रकारों एवं सदस्यों ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने मेराज उद्दीन महताब के व्यक्तित्व एवं .तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारों के अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाने के साथ–साथ संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में संगठन लगातार आगे बढ़ रहा है तथा पत्रकारों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। जन्मदिन समारोह में सभी साथियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान केक काटने के बाद सभी ने एक–दूसरे का मुंह मीठा कराया और खुशी का इजहार किया। उपस्थित साथियों ने उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं लंबी आयु की कामना करते हुए कहा कि वे आगे भी पत्रकारों के हितों के लिए इसी तरह सक्रिय रहकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते रहेंगे। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष मो. शमशाद, जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी, मोबीन, अरुण, जगन्नाथ, इरफान काज़मी, शैल शुक्ला, मो. आसिफ, धर्मेन्द्र सिंह, यासीन वारसी, मोहसिन खान, आसिफ खान मौजूद रहे।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर छात्रों ने मनाया जश्न

## – पेपर लीक पर सख्त कानून का किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद छात्रों के बीच खुशी का माहौल देखने



को मिला। छात्रों ने इसे अपनी बड़ी जीत बताते हुए जश्न मनाया। इस दौरान छात्र–छात्राएं गानों की धुन पर झूमते नजर आए और एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा बधाई देकर खुशी साझा की। छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों पर सख्त कानून बनाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की दिशा में उठाए गए कदम लाखों प्रतियोगी छात्रों के हित में हैं। उनका कहना था कि इससे भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को न्याय मिलेगा तथा भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में मदद मिलेगी। छात्रों ने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार आगे भी शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाने के लिए ऐसे ही निर्णायक फैसले लेती रहेगी। उन्होंने इस घटनाक्रम को युवाओं के विश्वास, संघर्ष और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर अभिनेष मौर्या, शुभम पाल, सुजीत, रिंकू, संदीप, दीपांशी मौर्या, सोनम, आलिया, संतकुमार, मदनलाल, शिवबरन, अर्श, पुष्पांजलि, शिवा रावत, अंकित श्रीवास्तव, रिशु सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# बरसाती बीमारियों से बचाव हेतु छात्रों को बांटी दवा

## – रेडक्रास चेयरमैन ने जल संरक्षण की दिलाई शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान तथा डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज में बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने विद्यालय के करीब छह सौ छात्र–छात्राओं को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया। साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने, साफ–सफाई बनाए रखने और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील सिंह ने छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए जल बचाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की प्रबंध समिति के सदस्य अभिनव श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गंगाधर पुत्र रामदास, निवासी ग्राम सिमौर, पोस्ट गाजीपुर, विकास खण्ड बहुआ, तहसील एवं जनपद फतेहपुर की मृत्यु दिनांक 27 अगस्त, 2024 को उनके पैतृक आवास पर हुई थी। अज्ञानतावश निर्धारित समय में मृत्यु का पंजीकरण नहीं कराया जा सका। अब उनकी पत्नी मुन्नी पत्नी स्व. गंगाधर द्वारा विलंबित मृत्यु पंजीकरण एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थिनी मुन्नी पत्नी स्व. गंगाधर निवासी– ग्राम सिमौर, पोस्ट गाजीपुर, विकास खण्ड बहुआ, तहसील एवं जनपद फतेहपुर।




न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# बालिका से दुष्कर्म का आरोप, एसपी से गुहार

## – आरोपी दे रहे जान माल की धमकी, पुलिस कार्रवाई में बरत रही लापरवाही

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के कैथनपुर मजरे सुसवन बुजुर्ग गांव निवासी एक महिला ने अपनी नौ वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि घटना के कई दिन बाद भी पुलिस ने न तो बच्ची का समुचित मेडिकल परीक्षण कराया और न ही आरोपी की गिरतारी की, जिससे परिवार दहशत में है। पीड़िता की मां के अनुसार 19 जुलाई को वह धान की रोपाई के लिए खेत गई थी। इसी दौरान पड़ोस का युवक सचिन ने कथित रूप से उसकी पुत्री को बहाने से अपने घर बुलाया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। शाम को घर लौटने पर बच्ची की हालत खराब मिली। परिजनों का आरोप है कि बच्ची के कपड़े अस्त–व्यस्त थे और उसके निजी अंग से रक्तस्राव हो रहा था। होश में आने पर बच्ची ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। महिला का कहना है कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अगले दिन थाने बुलाया गया, लेकिन काफी देर तक बैठाए रखने के बावजूद बच्ची का तत्काल मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया। बाद में रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद कई दिनों तक न तो मेडिकल कराया गया और न ही आरोपी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। शिकायती पत्र के अनुसार 24 जुलाई को पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने की जानकारी दी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि आरोपी पक्ष के लोगों ने मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया और ऐसा न करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी पक्ष प्रभावशाली होने के कारण पुलिस कार्रवाई प्रभावित हो रही है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए बच्ची का विधिवत मेडिकल परीक्षण, मुकदमे में आवश्यक धाराओं की बढ़ोतरी तथा नामजद आरोपियों की शीघ्र गिरतारी सुनिश्चित कराने की मांग की है। साथ ही परिवार की सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी गुहार लगाई है।

# बच्चों में टीबी की समय पर पहचान पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बच्चों में होने वाली क्षय रोग (टीबी) की समय रहते पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूबी सिंह ने की।

प्रशिक्षण में जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. अशोक कुमार एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश कुमार ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को बच्चों में टीबी के लक्षण, समय पर जांच, निदान और उपचार की नवीनतम प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों में टीबी के मामलों की शीघ्र पहचान कर उपचार शुरू करना संक्रमण की श्रृंखला को रोकने और गंभीर जटिलताओं से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. यूबी सिंह ने कहा कि बच्चों में टीबी की समय पर पहचान और उपचार स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विभाग लगातार ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है ताकि प्रत्येक संभावित टीबी ग्रसित बच्चे तक समय पर जांच और उपचार की सुविधा पहुंचाई जा सके। इससे बच्चों को गंभीर बीमारी से बचाने के साथ–साथ समाज में टीबी के प्रसार पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार, एसीएमओ डॉ. इश्तियॉक, डॉ. पीके सिंह, डॉ. रघुनाथ सिंह, एनआरसी प्रभारी डॉ. सुरेश, डीआईओ, मोहनी साहू, महिला कल्याण विभाग के प्रतिनिधि, एसटीएस अहमद, टीबीएचवी मोहम्मद फैज सिद्दीकी, विभाग के हसीब तथा वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अंशू वर्मा सहित कई चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में बच्चों में टीबी की प्रभावी पहचान और गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# सावन से पहले अलर्ट मोड में पुलिस, थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। आगामी सावन माह में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना सुल्तानपुर घोष परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कांवड़ सेवा समितियों के साथ यात्रा मार्ग, गंगा घाटों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की।

थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह चंदेल ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान शासन की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। उन्होंने डीजे प्रतियोगिता और तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों को लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। उपनिरीक्षक आनंद वर्मा ने कांवड़ यात्रा के निर्धारित रूट एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की। बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं सुझावों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का आष्वासन दिया गया। बैठक के दौरान प्रेमनगर के युवा समाजसेवी आशुतोष मोदनवाल ने थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह चंदेल को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नागेष्वर धाम के महंत देवगिरी, बोल बम कांवड़िया संघ सेवा समिति अल्लीपुर के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, अंकित कौशल, अमित मोदी, अतुल मौर्य, वीरेंद्र कुमार मौर्य प्रधान, राजेश यादव, अनवर खान प्रधान, नदीम अहमद, सुग्रीव यादव, गंगा पाल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# डीएम ने केक काटकर मनाया कन्या जन्मोत्सव

## - बेटियों को समान अवसर देने का किया आह्वान
## - जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में नवजात बेटियों का हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला अस्पताल में सोमवार को बेटी के जन्म को उत्सव का स्वरूप देते हुए महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने केक काटकर शुभारंभ किया और नवजात बेटियों को आशीर्वाद देते हुए उनकी माताओं को बेबी किट तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे भेंट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कन्या जन्मोत्सव केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। आज बेटियां शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन, सेना और चिकित्सा समेत हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। इसलिए कन्या के जन्म को गर्व, सम्मान और खुशी के साथ स्वीकार करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। डीएम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग की अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य प्रत्येक बेटी को सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। प्रत्येक ग्रामसभा में बुधवार व शनिवार को आयोजित होने वाले वीएचएनडी सत्रों में माताएं अपने बच्चों का समय से टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। डीएम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वितरित पौधों की देखभाल करने की अपील की। जिला प्रोबेशन अधिकारी रिशांत ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और महिलाओं से इनका अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। मुख्य चिकित्साधिकारी ने नवजात बच्चियों एवं माताओं को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण और पोषण संबंधी सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में नवजात बेटियों के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उन्हें समाज की नई उम्मीद बताया गया।



# राज्यमंत्री आवास पर निषाद पार्टी ने किया प्रदर्शन

## – 17 जातियों को एससी दर्जा देने की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राज्यमंत्री के आवास का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने निषाद समाज की 17 जातियों को अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा देते हुए एससी प्रमाणपत्र जारी किए जाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री समेत अन्य उच्च अधिकारियों को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। जिलाध्यक्ष लोकनाथ निषाद के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, तुरहा, गोड़िया, मांझी, मछुआ सहित निषाद समाज की 17 जातियों को पूर्व की भांति अनुसूचित जाति के अंतर्गत शामिल कर एससी प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। पार्टी का आरोप है कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2016 एवं 2017 में जारी शासनादेशों का सभी जिलों और तहसीलों में समान रूप से पालन नहीं कराया जा रहा है। इसके चलते कई स्थानों पर संबंधित जातियों के लोगों को आज भी अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है, जिससे वे अनुसूचित जाति के संवैधानिक अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं से वंचित हो रहे हैं। ज्ञापन में वर्ष 1950 की राष्ट्रपति अधिसूचना, 1961 की जनगणना मैनुअल, विभिन्न शासनादेशों का उल्लेख करते हुए मांग की गई कि संबंधित जातियों को मझवार एवं तुरैहा समूह के अंतर्गत अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाए। साथ ही ओबीसी प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने, विधानसभा में आवश्यक विधायी कार्रवाई कराने व एससी वर्ग के तहत मिलने वाले सभी संवैधानिक अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ तत्काल उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर चंद्रमोहन, रामस्वरूप निषाद, उपेंद्रनाथ निषाद, उमाशंकर, अवधेश निषाद, निर्मल चंद्र, सुधीर निषाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जौहर यूनिवर्सिटी के समर्थन में सपाईयों ने दिखाई ताकत

## - 38 भवनों पर प्रस्तावित कार्रवाई रोकने की मांग, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष मो. सलमान के नेतृत्व में सपाईयों ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय रामपुर के 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने की प्रस्तावित कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में कहा गया कि जौहर विश्वविद्यालय हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व स्थानीय लोगों के भविष्य से जुड़ा संस्थान है। किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या कानूनी कार्रवाई संविधान और प्रा.तिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि छात्रों की शिक्षा प्रभावित न हो। यदि विश्वविद्यालय के निर्माण या भूमि से संबंधित कोई विवाद है तो उसका समाधान विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत किया जाए। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय को लेकर की जा रही कार्रवाई छात्रों के हितों के विपरीत है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि विश्वविद्यालय का निर्माण उस समय हुआ था, जब संबंधित क्षेत्र रामपुर विकास प्राधिकरण के अधीन नहीं था। साथ ही 27 सितंबर 2024 को क्षेत्र को विकास प्राधिकरण में शामिल किए जाने का हवाला देते हुए कहा गया कि निर्माण इससे पहले ही पूरा हो चुका था। ज्ञापन में मांग की गई कि विश्वविद्यालय के 38 भवनों को तोड़ने की प्रस्तावित कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा पूरे मामले में निष्पक्ष और विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों के भविष्य और शिक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इस मौके पर सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, युनुस खान, सुहैल खान हेमू, वसीम खान, रफ़ात नियारिया, अय्यूब खान, हाजी सिराज, इसरार खान, सुनील उमराव, इमरान नेता, अखिलेश सविता, फैजी समाजवादी, मनोज यादव, आशीष नामदेव, मो. मुस्तकीम, रविन्द्र यादव, शमीम अहमद, संदीप माली, इक़रार अहमद, रईस अहमद, फ़ैज़ आलम, शनि लोधी, रामकिशोर प्रजापति, शिव शंकर यादव, धर्मपाल दिवाकर, फिरोज शाह, ऐनुल हसन, राम दुलारे पासवान, कलीम अहमद, इब्राहिम अहमद, विजय सिंह, मो. शाहनवाज, सईद प्रधान, फखरुद्दीन आदि रहे।

# कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि, वीरांगना व पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर में श्रद्धा और सम्मान के साथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार शर्मा (अ.प्रा.) ने किया। समारोह में कारगिल शहीद विजय पाल की पत्नी सुशमा देवी, उनकी माता सुखदेवी सहित युद्ध में घायल (विकलांग) सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों ने कार्यालय परिसर में स्थापित शहीद स्मारकों पर रीथ (पुष्पचक्र) एवं पुष्पांजलि अर्पित कर अमर वीरों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने कारगिल के शहीदों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इसके बाद कर्नल दिनेश कुमार शर्मा ने समारोह में उपस्थित वीरांगनाओं, युद्ध में घायल सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों को अंगवस्त्र और स्मृति–चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिकों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। अंत में सभी ने शहीदों के प्रति अपनी .तज्ञता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# दो दिवसीय दौरे पर आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति 28 व 29 जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर फतेहपुर आएंगी। वह महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, जागरूकता चौपाल तथा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋषान्त कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 28 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस जीटी रोड में महिला जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इस दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की सुनवाई कर उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को प्रातः 10 बजे सदस्य द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद अपराह्न 3 बजे विकास खंड हथगाम में महिला चौपाल का आयोजन होगा। जहां महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, सरकारी योजनाओं तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर जागरूक किया जाएगा। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# हरिहरगंज ओवरब्रिज के नीचे स्थायी निर्माण का विरोध

## – डीएम को ज्ञापन सौंपकर सड़क समतल रखने व स्थायी आवंटन पर रोक लगाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के सबसे पुराने और व्यस्त व्यापारिक क्षेत्र हरिहरगंज में ओवरब्रिज के नीचे कराए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय व्यापारियों और निवासियों ने चिंता जताई है। उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ओवरब्रिज के नीचे किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण या आवंटन न किए जाने की मांग की गई।



ज्ञापन में कहा गया कि हरिहरगंज क्षेत्र में बड़ी संख्या में व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालित हैं, जहां प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक हजारों ग्राहक दोपहिया और चारपहिया वाहनों से खरीदारी के लिए आते हैं। इसी मार्ग से शहर के कई मोहल्लों का संपर्क भी जुड़ा हुआ है, जिससे पूरे दिन भारी यातायात बना रहता है। व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान में सड़क की चौड़ाई एक ओर मात्र करीब 12 फीट है। रेलवे स्टेशन जाने वाला प्रमुख मार्ग होने के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में ओवरब्रिज के नीचे किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण या आवंटन किया गया तो यातायात व्यवस्था और अधिक प्रभावित होगी तथा आम लोगों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में मांग की गई कि ओवरब्रिज के नीचे होने वाले सुंदरीकरण एवं निर्माण कार्य को सड़क के समतल स्तर पर रखा जाए तथा किसी भी प्रकार का स्थायी आवंटन न किया जाए। साथ ही सक्षम अधिकारी से स्थल का निरीक्षण कराकर जनसुविधा और व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन पर उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा सहित अवनीश गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, मोहित रस्तोगी, नरेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, रूपक गुप्ता, सरदार इन्द्रजीत सिंह, सर्वेश सिंह भदौरिया, सोमप्रकाश गुप्ता, राज गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, सेराज, चरणजीत सिंह, विनोद त्रिपाठी, बृजेश त्रिपाठी, संतोष सर्राफ, प्रेमचन्द्र गुप्ता मौजूद रहे।

# पालिका के असेसमेंट रजिस्टर में नाम बदलने का आरोप

## – ईओ से कार्रवाई का मांगा जवाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के महिला छोटी बाजार चौक स्थित एक दुकान के असेसमेंट रजिस्टर में कथित रूप से नाम परिवर्तन किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर प्रार्थीगण ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पूरे प्रकरण की जांच कर संबंधित अभिलेखों की प्रमाणित जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में लियाकत हुसैन, रियासत हुसैन, सराफत हुसैन, चांद बाबू आदि ने बताया गया कि भवन संख्या 102/96, महिला छोटी बाजार चौक स्थित दुकान को लेकर मामला सिविल न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय में सिविल वाद लंबित होने के कारण नगर पालिका द्वारा पूर्व में यह निर्देश जारी किया गया था कि न्यायालय के अंतिम निर्णय तक भवन के दाखिल–खारिज अथवा अंतरण संबंधी कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके बावजूद आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका के असेसमेंट रजिस्टर से प्रार्थी का नाम हटाकर उसके स्थान पर शरीफ पुत्र मंजूर अली तथा मो. हुसैन पुत्र मो. इब्राहिम का नाम दर्ज कर दिया गया। सवाल उठाया है कि यह कार्रवाई किस आधार और किन अभिलेखों के आधार पर की गई। पत्र में अधिशासी अधिकारी से मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि असेसमेंट रजिस्टर में नाम परिवर्तन किस आदेश और किन दस्तावेजों के आधार पर किया गया। साथ ही संबंधित अभिलेखों एवं प्रमाणित प्रतियां भी



उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न्यायालय में लंबित वाद के दौरान की स्थिति स्पष्ट हो सके।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )